

शनिवार को बाबूपुरवा के सेंट्रल पार्क में जनसभा के दौरान भीड़ को विक्ट्री निशान दिखा अभिवादन करते सीएम योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार



जनसभा के दौरान भीड़ में शामिल महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। हाथों में पोस्टर लेकर नारेबाजी करती रहीं। अमृत विचार

# नया भारत छेड़ता नहीं, मगर छोड़ता भी नहीं: योगी

## कांग्रेस-सपा पर प्रहार करते हुए मुख्यमंत्री बोले, इनको देश से पहले पाकिस्तान की चिंता, संविधान के नाम पर फैला रहे डर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुख्यमंत्री ने कानपुर और अकबरपुर प्रत्याशी के समर्थन में की चुनावी जनसभा

**अमृत विचार।** चौथे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां चुनावी जनसभा में कहा कि 2014 से पहले देश में आतंकी विस्फोट में निर्दोष लोग और जवान शहीद होते थे। अब यह नहीं हो सकता, क्योंकि मोदी सरकार ने आतंकवाद की नाभी पर प्रहार किया है। यह नया भारत छेड़ता नहीं, मगर कोई छेड़ता है तो छोड़ता भी नहीं है।

उन्होंने कहा कि अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो देश में एक बार फिर से आतंकवाद और नक्सलवाद का दौर लौट आएगा। गठबंधन नकारात्मक राजनीति से अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। इनको पाकिस्तान के हितों की चिंता होती है, लेकिन भारत की नहीं। इनकी चिंता थी कि जैसे भी हो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण न हो। कांग्रेस पर निशाना साधते हुये कहा कि संविधान संशोधन का डर फैलाने वाली कांग्रेस ने सबसे पहले भारतीय संविधान में संशोधन किया। मुख्यमंत्री ने कहा सपा के एजेंडे में अयोध्या का विकास नहीं, बल्कि अयोध्या में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेना था।

सीएम योगी ने शनिवार को छावनी विधानसभा क्षेत्र के बाबूपुरवा स्थित सेंट्रल पार्क में कानपुर नगर के लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में चुनावी जनसभा की। उन्होंने दोनों ही प्रत्याशी के लिए जनता से वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में एक स्वर गूंज रहा है 'फिर एक बार-मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार'। 400 पार में कानपुर और अकबरपुर की सीटें भी शामिल होंगी। सीएम योगी ने कहा कि बीते 10 साल में पीएम मोदी ने बिना रुके, बिना थके और बिना डिगे देश की सेवा की है। हर व्यक्ति इस बात को मानता है कि मोदी ने देश को दुनिया में सम्मान दिलाया है, हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, विकास को गति दी है, गरीब कल्याण के साथ ही नागरिकों के जीवन में परिवर्तन किया है।

**तृणमूल कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा में शामिल:** तृणमूल कांग्रेस महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष प्रेमलता श्रीवास्तव ने सोमवार को योगी के मंच पर भाजपा की सदस्यता ली। कानपुर विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष, महामंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कालिंद्री तिवारी, व्यापारी नेता शैल शुक्ला, कांग्रेस के पूर्व पार्षद आलोक पांडेय (अक्खड़), कांग्रेस महानगर कमेटी के उपाध्यक्ष उमाकांत पांडेय, डीएवी कॉलेज के पूर्व अध्यक्ष पीयूष सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पांडेय ने भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि कालिंद्री तिवारी छात्र राजनीति से ही कांग्रेस में सक्रिय रहे और शहर से लेकर प्रदेश तक विभिन्न पदों पर काम करते रहे। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से वह लगातार संपर्क में थे। मुख्यमंत्री के आने से पहले सदस्यता ग्रहण कर ली।

### भीड़, जोश और शक्ल दिखाने की होड़

बाबूपुरवा में आयोजित जनसभा में बड़ी संख्या में भाजपाई और समर्थक सीएम योगी को सुनने व देखने पहुंचे। क्या पुरुष, क्या महिलाएं और क्या भाजपाई। सभी में योगी को देखने और शक्ल दिखाने की होड़ रही। भाजपा महिला नेताओं में भी गजब उत्साह था। हाथों में योगी-मोदी के पोस्टर लेकर महिलाएं 400 पार का नारा लगाती रहीं। पांडाल भरा तो पार्क के आस-पास भीड़ डटी रही। होर्डिंग, पोस्टर और पंपलेट से सड़कें पट गईं। जनसभा में शामिल होने आए अकबरपुर प्रत्याशी देवेंद्र भोले के समर्थकों से भरी बसें जनसभा स्थल के आस-पास पहुंचीं।

### कानपुर को उद्यमिता का मिला वरदान

सीएम ने कहा कि कानपुर को मां गंगा के आशीर्वाद से उर्वरता और उद्यमिता का वरदान मिला है। यह क्रांति की धरा होने के साथ ही विकास की ऊर्जा की भूमि है। कानपुर में हाईवे, एक्सप्रेस वे, मेट्रो के साथ डिफेंस कॉरीडोर बन रहा है। नमामी गंगे के क्षेत्र में कानपुर को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हुआ है। कानपुर के सीसामऊ और जाजमऊ में गंगा की धारा को अविरल निर्मल करने में भाजपा सरकार को सफलता मिली है। कहा कि चौथे चरण में कानपुर की जनता को निर्णय लेना है।

### ये लोग मंच और जनसभा में मौजूद रहे

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद सत्यदेव पचौरी, जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय, शिवराम सिंह, अकबरपुर प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले, कानपुर से प्रत्याशी रमेश अवस्थी, विधायक महेश त्रिवेदी, सुरेन्द्र मैथानी, सलिल विश्नोई और अविनाश सिंह आदि शामिल रहे। इसके आलावा रामबहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, अनूप अवस्थी, मनीष त्रिपाठी, अंकित बाजपेई, प्रकाश वीर आर्य, प्रबोध मिश्रा, सुनील नारंग, गणेश शुक्ला, वंदना गुप्ता, अर्चना आर्या, शैलेंद्र त्रिपाठी, शिवपूजन सविता रहीं।



हाथ से बनी मुख्यमंत्री की तस्वीर लेकर पहुंचीं महिलाएं। अमृत विचार



जनसंपर्क के दौरान प्रत्याशी आलोक मिश्रा का स्वागत हुआ। अमृत विचार

# गठबंधन सरकार बनी तो बहेंगी विकास की नदियां: आलोक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन शनिवार को कानपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस के उम्मीदवार आलोक मिश्रा ने मंदिर में दर्शन किया। उसके बाद कांग्रेस, आप और सपा कार्यकर्ताओं के साथ गली व मोहल्लों में पैदल मार्च कर लोगों से जनसंपर्क कर मतदान की अपील की।

आलोक मिश्रा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार में विकास की नदियां बहेगी। भाजपा सरकार की तरह नहीं होगा, जो योजनाएं लागू कर उसे धरातल पर नहीं उतार पाती हैं। 13 मई को पहले मतदान, फिर जलपान करें। उनके साथ नगर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, आर्य नगर से सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी, जितेंद्र कुमार, भन्नापुरवा वार्ड अध्यक्ष संतोष गुप्ता, कनिष्क पांडे, परवेश यादव, विशाल वाल्मीकि, सपा नेता समाट् विकास यादव, सतीश वाल्मीकि, जुगल किशोर गुप्ता, रिंकू पाल, मुकेश कन्नौजिया, फैज महमूद, फहद अब्बासी, सुहैल पार्षद, तकमिल हसन, मोनू तिवारी, नीरज पांडे, रवि व हमजा आदि लोग मौजूद रहे।

# अकबरपुर क्षेत्र का होगा विकास संविधान बचाने का मौका: पाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



समर्थकों के साथ जनसंपर्क पर निकले प्रत्याशी राजाराम पाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अकबरपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल समाजवादी पार्टी से प्रत्याशी राजाराम पाल ने कानपुर-अकबरपुर क्षेत्र की बदहाली के लिए वर्तमान सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि 10 साल में टोल प्लाजा से राहत नहीं मिली। आईआईटी की फीस आठ गुना बढ़ी। हैलट अस्पताल बीमार क्यों है। घाटमपुर पॉवर प्लांट 10 वर्ष में नहीं चालू हुआ।

उन्होंने कहा कि सरकार बिठूर का विकास नहीं करा सकी। महाराजपुर के लालबंगला क्षेत्र में गरीबों के मकान पर बुलडोजर चलाकर शोरूम खोलकर गरीबों पर जुल्म किया गया। 2013 से पहले डीएल सौ रुपये में बनता था। अब आठ हजार रुपये लगते है। भाजपा के शासन में ग्रीन पार्क में मैच होना क्यों बंद हो गए। श्री पाल ने कहा कि अकबरपुर लोकसभा स्थित जाजमऊ का चमड़ा विश्व प्रसिद्ध था। संप्रदायिक भेदभाव में सरकार ने चमड़ा व्यवसाय की चमड़ी उधेल दी। छह माह में सांसद किसी भी सवाल का उत्तर नहीं दे सके हैं।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव नहीं बल्कि संविधान बचाने का अंतिम अवसर है। संविधान सुरक्षित रहने पर आम आवाम के अधिकार और लोकतंत्र सुरक्षित रहेगा। वहीं, उन्होंने बाबा साहेब डॉ.भीम राव अंबेडकर और नेता जी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अपने और संविधान की रक्षा के लिए करने की शपथ दिलायी। इस दौरान जिलाध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला, पूर्व विधायक, सतीश निगम, नीरज सिंह गौर, विकास, नरेश चन्द्र, भूधर नारायण मिश्रा, नेकचन्द्र पाण्डेय, कांग्रेस नेता कनिष्क, धर्मराज सिंह, शिवकरन यादव, आप जिलाध्यक्ष देव नारायण पाल, संदीप, विजय सिंह यादव, मंजीत, ललित पाल, शैलू सोनकर, फतेह बहादुर सिंह, आदि लोग रहे। सभी ने गठबंधन के पक्ष में मतदान की अपील की।

# बिकरू गांव के लोग अब बिना किसी भय के कर सकेंगे मतदान

संवाददाता ,चौबेपुर

- विकास दुबे के खात्मे के बाद चुनाव में दिख रहा उत्साह

**अमृत विचार।** वर्षों तक दुर्दांत विकास दुबे की दहशत में जी रहे बिकरू के वाशिंदे इस बार लोकसभा चुनाव में बेफिक्र होकर अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। मतदान को लेकर अब गांव की चौपालों पर चुनावी चर्चा आम बात हो गई है।

बिकरु व उसके आसपास के करीब दर्जन भर गांवों में विकास दुबे का इस कदर खौफ था कि उसकी मर्जी बगैर कोई अपने मत का प्रयोग नहीं कर सकता था। क्षेत्र में उसकी तूती बोलती थी। हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ कोई जुबां तक नहीं हिला सकता था। वर्ष 1995 के बाद से बिकरू ग्राम पंचायत में कभी निष्पक्ष मतदान नहीं हुआ और एक बार प्रधान बनने के बाद अगले 25 वर्षों तक ग्राम पंचायत मानो विकास दुबे की विरासत बनकर रह गई थी। जिसे चाहा, उसे प्रधान बनाया। इन 25 वर्षों के अंतराल में प्रधान कोई भी रहा हो, लेकिन प्रधानी का अधिकार पूर्ण रूप से विकास दुबे के पास ही रहा।




जागरूक किया

शिक्षिकाओं ने मेट्रो में सफर कर मतदान का किया आह्वान, स्टेशन पर लिखे स्लोगन

# मेट्रो की रफ्तार के साथ मतदान के संदेश की बयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर मेट्रो की ओर से शत प्रतिशत मतदान की अपील
- महीने भर से चल रहा मतदाता जागरुकता अभियान




शिक्षिकाओं की टोली ने मेट्रो में सफर कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को कानपुर मेट्रो ने जयनारायण विद्या मंदिर की शिक्षिकाओं के साथ विशेष मेट्रोराइड का आयोजन किया। इस दौरान शिक्षिकाओं ने सभी यात्रियों को लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर वोट डालने के लिए प्रेरित किया।

मोतीझील स्टेशन पर मतदाता जागरुकता के लिए लगाए गए संदेश पट्ट में शिक्षकों ने सभी से अपने वोट का महत्व समझते हुए मतदान करने की अपील की। शिक्षकों ने मोतीझील स्टेशन पर लगे बुकफ्लिक्स पुस्तक मेले का भी दौरा किया और अपनी पसंदीदा पुस्तकें देखीं। शिक्षकों ने गुरुदेव चौराहा मेट्रो स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू करते हुए स्टेशन और ट्रेन में सभी यात्रियों के सामने यही बात रखी और उन्हें वोट डालने के लिए जागरूक किया।

विशेष रूप से पहली बार वोट डालने जा रहे युवा मतदाताओं को मतदान का संदेश देते हुए उन्हें उनके लोकतंत्र के पर्व में कर्त्तव्यों एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराया। प्रत्येक वोट की अहमियत को समझाते हुए सभी से अपने पसंद का उम्मीदवार चुनने की अपील की। कहा कि लोकतंत्र की मजबूती को मतदान जरूरी है। मोतीझील स्टेशन में अध्यापकों की टीम ने मतदाता जागरुकता के लिए लगाए गए संदेश पट्ट पर अपने संदेश लिखे।

### 'हर वोट कुछ कहता है'

- शिक्षिकाओं ने संदेश में 'हर वोट कुछ कहता है' और 'वोट फॉर इंडिया' जैसे स्लोगन से यात्रियों मतदान के महत्व बताने का प्रयास किया। इसके बाद शिक्षिकाओं के दल ने स्टेशन पर लगे पुस्तक मेले का भी भ्रमण किया और अपनी रुचि के अनुसार पुस्तकें देखीं। मोतीझील स्टेशन से वापसी के दौरान शिक्षकों ने स्वच्छ और सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था मुहैया कराने के लिए कानपुर मेट्रो की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि कानपुर मेट्रो एक महीने से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का अभियान चला रहा है।




- नौबस्ता नवीन गल्ला मंडी में दिन भर चलती रहीं तैयारियां
- पार्टियां ले जाने वाली बसों में लगाया गया जीपीएस सिस्टम

# मतदान कराने आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चौथे चरण के मतदान की शनिवार शाम से उल्टी गिनती शुरू हो गई। चुनाव प्रचार थम गया। पोलिंग पार्टियों के रवानगी की तैयारियां पूरी हो गईं। रविवार की सुबह सात बजे से कानपुर, अकबरपुर और मिश्रिख संसदीय सीट की बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के लिए नवीन गल्ला मंडी नौबस्ता से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। सबसे पहले दूर के बूथों की पार्टियों को रवाना किया जाएगा। नजदीक वाली पार्टियां बाद में रवाना होंगी। बूथों पर पार्टियों के पहुंचने के बाद पीठासीन अधिकारी को फोटो भेजनी होगी, जो संबंधित अधिकारियों को भेजी जाएगी।

कृषि उत्पादन मंडी समिति (नवीन गल्लामंडी) नौबस्ता में शनिवार को दिन भर कर्मचारी तैयारियों में जुटे रहे। मंडी परिसर में साफ-सफाई कराई गई। पानी का छिड़काव कराया गया। पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए विधानसभावार कुर्सी-मेजें लगाई गईं। बसों में जीपीएस सिस्टम लगाने का काम हुआ। इसके अलावा मंडी समिति में बैरीकेडिंग की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह सात बजे से नवीन गल्ला मंडी से पोलिंग पार्टियों की रवानगी शुरू हो जाएगी। यहां पोलिंग पार्टियों के दस्तावेज मिलान के बाद ईवीएम व अन्य सामग्री मुहैया कराई जाएगी। सबसे पहले दूर के बूथों की पार्टियां रवाना होंगी, इसके बाद नजदीक व शहर क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी और मतदान से संबंधित कामों के लिए 907 भारी वाहन और 560 हल्के वाहन लगाए गए हैं। गर्मी को देखते हुए पोलिंग पार्टियों को सहूलियत के साथ बूथों पर पहुंचाने की पूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। कुल 3614 पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। 10 प्रतिशत रिजर्व सहित कुल 3979 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं।



नौबस्ता गल्ला मंडी में शनिवार को दिन भर पोलिंग पार्टियों की चुनाव सामग्री तैयार की जाती रही। अमृत विचार

### सहायता के लिए बना सकेंगे पोलिंग एजेंट

प्रत्याशी एक अतिरिक्त सहायतार्थ पोलिंग एजेंट बना सकता हैं, लेकिन एक समय में दोनों पोलिंग एजेंट मतदान केंद्र पर नहीं रहेंगे। पोलिंग एजेंट उसी को बनाया जा सकता है, जो व्यक्ति किसी मतदेय स्थल के मतदान क्षेत्र या समीप के मतदेय स्थल का निवासी हो। पोलिंग एजेंट को नियुक्ति पत्र प्रत्याशी या निर्वाचन अभिकर्ता के हस्ताक्षर से जारी होगा, साथ ही उसे अपना नियुक्ति आदेश, मतदाता पहचान पत्र मतदान केंद्र पर मौजूदगी के दौरान अपने शरीर पर लगाना होगा।

| 3979 | 907 | 560 | 3614 |
|---|---|---|---|
| पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं | भारी वाहन लगाए गए हैं | हल्के वाहनों का इंतजाम | पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी |

### बस्ते पर रहेगी सिर्फ एक मेज और दो कुर्सियां

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी मतदान केंद्र से 200 मीटर दूर अपना बस्ता लगा सकते हैं, लेकिन वहां कोई टेंट या शामियाना नहीं लगेगा। बस्ते पर केवल एक मेज व दो कुर्सियां होंगी। एक बैनर आयोग से निर्धारित मानक के अनुसार होगा। बस्ता संचालक को अपना मतदाता पहचान पत्र साथ रखना होगा। इस दौरान राजनीतिक सामग्री, पर्ची या सामग्री का वितरण नहीं किया जाएगा। मतदान के दिन बूथ या उससे 100 मीटर की दूरी के अंदर प्रचार निषिद्ध रहेगा।



पोलिंग पार्टियों के वाहनों में जीपीएस लगाया गया। अमृत विचार



पोलिंग पार्टियों के लिए खड़ी कराई गईं स्कूलों की बसें। अमृत विचार

### मोबाइल और शस्त्र पर रहेगा प्रतिबंध

मतदान केंद्र से 100 मीटर के दायरे में मोबाइल ले जाने की अनुमित नहीं है। मतदान केंद्र या उसके समीप शस्त्र सहित जाना प्रतिबंधित होगा। अधिकृत सुरक्षाकर्मी के अलावा कोई भी मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे मे शस्त्र के साथ प्रवेश नहीं करेगा। सुरक्षाकर्मियों को भी मतदान केंद्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। केवल जेड सुरक्षा के तहत एक सुरक्षाकर्मी साधारण कपड़ों में हथियार छिपाकर मतदान केंद्र परिसर तक जाएगा, बूथ तक नहीं।

### मतदाता केंद्र से 200 मीटर दूरी पर खड़े होंगे वाहन

मतदान के लिए अपने वाहन से मतदान केंद्र पहुंचने वाले मतदाता बूथ से 200 मीटर पहले ही अपने वाहन खड़ा करेंगे। मतदाताओं को अपने वाहन ले जाने की अनुमति है, मगर निर्धारित दूरी का ध्यान रखना होगा। यह व्यवस्था प्रत्याशी और अभिकर्ता पर भी लागू होगी। उनके वाहन भी मतदान केंद्र से 200 मीटर दूरी पर ही खड़े होंगे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# 2027 मतदेय स्थलों से होगी वेबकास्टिंग

- बूथों में वेबकास्टिंग सेटअप लगाने का काम चालू
- क्रिटिकल बूथों पर कराई जाएगी वीडियोग्राफी

**90** फ्लाइंग स्क्वॉयड टीमें लगाई गई हैं

**90** स्टेटिक सर्विलांस टीमें तैनात की गईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पोलिंग पार्टियों की रवानगी से दो दिन पहले क्रिटिकल व वल्नरेबल बूथों पर वेबकास्टिंग सेटअप लगाने का काम चालू हो गया है। प्रशासन स्तर पर जिन बूथों पर वीडियोग्राफी की जानी है, वहां इलेक्ट्रिक कनेक्शन का भी काम तेजी से किया जा रहा है।



एडीएम भू अध्याप्ति रिंकी जायसवाल ने बताया कि सकुशल और शांतिपूर्वक चुनाव के लिए प्रशासन स्तर पर क्रिटिकल, वल्नरेबल और सामान्य मतदान केंद्रों का निर्धारण किया जाता है। उसी हिसाब से बूथों पर सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं लागू होती हैं। वल्नरेबल और क्रिटिकल बूथों पर प्रशासन की विशेष नजर रहती है।

उन्होंने बताया कि जिले में चिह्नित 2027 मतदान केंद्रों पर इस बार वेबकास्टिंग कराई जाएगी। जिसमें वल्नरेबल और क्रिटिकल बूथ शामिल हैं। वेबकास्टिंग की टीम आ चुकी हैं और दो दिन से बूथों पर सेटअप तैयार करने का काम चालू है। वेबकास्टिंग के कुल बूथों को चुनाव के लिए स्थापित कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। जहां से निगरानी की जाएगी।

### प्रत्याशी एक ही वाहन का कर सकेंगे प्रयोग

चुनाव प्रचार बंद होने के बाद से प्रत्याशी केवल एक ही वाहन प्रयोग कर सकते हैं। इसी तरह एक ही वाहन प्रत्याशी का एजेंट प्रयोग करेगा। इसी तरह एक अतिरिक्त वाहन प्रति विधानसभा में प्रत्याशी का एजेंट, कार्यकर्ता या पार्टी कार्यकर्ता के लिए मान्य होगा। कुल तीन वाहनों की ही अनुमति है।

### एक वाहन में पांच व्यक्ति से ज्यादा की अनुमति नहीं

- जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एक वाहन में चालक समेत पांच से ज्यादा लोगों के बैठने की अनुमति नहीं है। अगर कोई प्रत्याशी निर्वाचन क्षेत्र से अनुपस्थित रहता है तो किसी अन्य व्यक्ति को खुद के लिए आवंटित वाहन नहीं दे सकता है। इसकी अनुमति नहीं है। किसी भी राजनेता को दूसरे का वाहन प्रयोग करने की अनुमति नहीं है। प्रत्याशी या अभिकर्ता पोलिंग बूथ तक मतदाता को लाने के लिए वाहन का प्रयोग नहीं कर सकते हैं।

### बाहरी नेताओं की होटलों में शुरू हुई चेकिंग

- चुनाव प्रचार बंद होने के साथ ही सभी पार्टियों के राजनीतिक पदाधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता और प्रचार करने वाले पदाधिकारी व अन्य लोग जो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के वोटर नहीं हैं या विधानसभा क्षेत्र के निवासी नहीं है, वह विधानसभा क्षेत्र में चुनाव तक नहीं रह सकते हैं। इसके लिए पुलिस टीम शनिवार शाम से ही होटल व अन्य स्थानों पर चेकिंग करने लगी है। ऐसे लोगों के पाए जाने पर उनके खिलाफ चुनाव आयोग के नियमों के आधार पर कार्रवाई भी जाएगी।

### चुनाव प्रचार थमा, अब सिर्फ घर-घर जनसंपर्क

जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम राकेश कुमार सिंह ने बताया कि चुनाव प्रचार का शोर शनिवार शाम छह बजे से थम गया है। अब प्रत्याशी सिर्फ घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकते हैं। इस पर टीमें लगातार नजर रख रही हैं।

# हमीरपुर हाईवे पर रहेगा डायवर्जन

- रविवार सुबह छह से रात आठ बजे और सोमवार दोपहर तीन से रात 12 बजे तक पाबंदी
- भारी वाहनों पर शनिवार रात से ही लगाई गई रोक, वाहन पार्किंग के तय किए गए स्थान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए रविवार सुबह आठ बजे से नवीन गल्ला मंडी स्थल से पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। पोलिंग पार्टियों की रवानगी और वाहनों की पार्किंग को लेकर यातायात पुलिस ने नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर डायवर्जन प्लान तैयार किया है। रविवार को हल्के वाहनों के लिए सुबह छह बजे से शाम आठ बजे तक डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी।

वहीं 13 मई को मतदान वाले दिन दोपहर तीन बजे से पोलिंग पार्टियों के स्ट्रांग रूम पहुंचने तक रूट डायवर्ट किया जाएगा। भारी वाहन 11 मई की रात 11 बजे से सोमवार शाम आठ बजे तक हमीरपुर हाईवे पर नहीं चलेंगे। 13 मई की दोपहर 12 बजे से 14 मई की सुबह तीन बजे तक रूट डायवर्ट रहेगा। इस दौरान कोई वाहन नहीं जा सकेगा।

### हल्के वाहनों का डायवर्जन

- नौबस्ता से रमईपुर को जाने वाले हल्के वाहन नौबस्ता बंबा से आगे नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन नौबस्ता बंबा से बाएं मुड़कर वैष्णवी हॉस्पिटल आवास विकास होते हुए समाधि पुलिया से बाएं मुड़कर जाएंगे।
- रमईपुर से नौबस्ता को जाने वाले हल्के वाहन ओरियारा से आगे नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन ओरियारा से बाएं मुड़कर सेन पश्चिमपारा थाना, फतेहपुर गांव, पांडु नदी पुराना पुल होते हुए कानपुर पहुंचेंगे।

### भारी वाहनों का रूट चार्ट

- लखनऊ से हमीरपुर को जाने वाले भारी व मध्यम मालवाहक वाहन नौबस्ता से आगे नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन रामादेवी चौराहे से चौडगरा, फतेहपुर, घाटमपुर होते हुए जाएंगे। इसके अतिरिक्त नौबस्ता से सचेंडी, मूसानगर, घाटमपुर होते हुए हमीरपुर की ओर जाएंगे।
- हमीरपुर से कानपुर की ओर आने वाले भारी व मध्यम मालवाहक वाहन घाटमपुर से आगे नहीं जाएंगे। ऐसे वाहन घाटमपुर, चौडगरा होते हुए कानपुर पहुंचेंगे। दूसरे रूट पर घाटमपुर से मूसानगर, सचेंडी होते हुए कानपुर आ सकेंगे।



### पोलिंग पार्टियों की वाहन व्यवस्था

- घाटमपुर, महाराजपुर विधानसभा के लिए रेसकोर्स मैदान से बसें रवाना होंगी।
- बाकी आठ विधानसभा क्षेत्रों की बसें संत निरंकारी ग्राउंड अर्रा से रवाना होंगी।

### शटल सेवा

- मतपेटिका मिलने के बाद घाटमपुर, महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को पार्किंग स्थल तक पहुंचाने के लिए शटल सेवा की बसें नवीन गल्लामंडी के गेट नंबर तीन से जाएंगी।
- बाकी विधानसभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियों को पार्किंग स्थल पहुंचाने के लिए शटल सेवा की बसें नवीन गल्ला मंडी के गेट नंबर एक और दो से जाएंगी।

# बिल्हौर के 101 केंद्र क्रिटिकल

**बिल्हौर।** शनिवार शाम पांच बजे चौथे चरण के प्रचार का शोर थम गया। सोमवार को जनता अपने पसंदीदा प्रत्याशी को चुनकर संसद भेजेगी। चौथे चरण के मतदान की तैयारी को लेकर प्रशासन जुटा रहा।

सोमवार को होने वाले मतदान को लेकर बिल्हौर तहसील में अधिकारियों की मैराथन बैठक चली। अधिकारियों को अधिक से अधिक मतदान कराने का काम सौंपा गया। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के 433 बूथ में 101 मतदान केंद्रों को क्रिटिकल श्रेणी में रखा गया है, जबकि 111 मतदेय स्थलों को क्रिटिकल श्रेणी मे रखे गए है। बिल्हौर विधानसभा मे छह जोनल मजिस्ट्रेट व 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए है। शहरी इलाके के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्र में अधिक मतदान होने की उम्मीद है, जिसके लिए बिल्हौर तहसील क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों थाना प्रभारी वअन्य अधिकारियों ने पूरी तैयार कर ली है।

**अहम पहलू** मौसम विभाग से तापमान के बारे में जानकारी ले रहे प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता

# सियासी गर्मी के बीच कल मौसम रहेगा नरम

- हवा की रफ्तार के साथ कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम विभाग ने मतदान के दिन सोमवार को मौसम सुहाना रहने की संभावना जताई है। यह भी बताया है कि मतदान के दिन सुबह व शाम को तापमान में हल्की नरमी रहेगी। आंधी आने व कुछ हिस्सों में बूंदाबादी की संभावना से भी इनकार नहीं किया है। उधर, चुनावी समर में पार्टियां भी वोट प्रतिशत के लिए मौसम विशेषज्ञों से संपर्क कर रहीं है। विशेषज्ञों ने बताया कि दोनों ही प्रमुख पार्टियों के नेता उनसे 13 मई के मौसम के बारे में जानकारी हासिल कर रहे हैं।

मौसम विशेषज्ञों ने नए पश्चिमी विक्षोभ का असर 13 मई तक रहने की प्रबल संभावना जताई है। कहा गया है कि 12 और 13 मई को शहर में तापमान औसत के आसपास ही रहने वाला है। इससे तेज गर्मी से उस दिन मतदान करने वालों को किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होगी। खासतौर पर सुबह 11 बजे तक मौसम सुहाना हो सकता है। तेज हवाएं तपिश को कम कर सकती हैं।



सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि पिछले गुरुवार से मौसम में अचानक परिवर्तन का असर 13 मई तक रह सकता है। शनिवार को भी मौसम में तपिश कम रही। अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसे सामान्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को हवा की रफ्तार 6.9 किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। इसमें 13 मई को बढोतरी संभव है।

### मतदान का पैमाना बना मौसम का मिजाज

- मतदान वाले दिन मौसम का मिजाज जानने के लिए राजनीतिक दलों के लोग मौसम विभाग से संपर्क साध रहे हैं। उनके फोन मौसम विशेषज्ञों के पास पहुंच रहे हैं। इन फोन कॉल्स में सिर्फ सोमवार के मौसम का हाल जानने की कोशिश की जा रही है। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि उनके पास लगभग हर पार्टी के नेताओं के फोन पहुंचे हैं और मतदान वाले दिन के मौसम के बारे में जानकारी ले रहे हैं। मुख्य रूप से कांग्रेस और भाजपा के नेताओं और कुछ चुनिंदा प्रत्याशियों ने फोन कर मौसम का हाल जाना है। इनका मानना है कि मौसम का मिजाज मतदान का पैमाना बनेगा।

### चुनावी बिसात में मौसम के मिजाज पर नजर

- चुनावी बिसात में सियासी गर्मी के बाद अब फैसले की घड़ी आ गई है। चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि मई में प्रचंड गर्मी की वजह से मतदान का प्रतिशत कम रहेगा। इसी आशंका में डूबे प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता अब मतदान के दिन मौसम के मिजाज का आकलन कर रहे हैं। सियासी दलों के नेताओं का मानना है कि यदि सोमवार को मौसम साथ देता है तो मतदान प्रतिशत बढ़ सकता है।






# नयागंज से करोड़ों का सोना लेकर भागा सर्राफ

## दो कारोबारियों ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर दर्ज कराई रिपोर्ट, सीसीटीवी और सीडीआर खंगालने में जुटी कलक्टरगंज पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दिसंबर में कारोबारियों का सोना और नकदी लेकर फरार हुए बेकनगंज के कारीगर संपत राव लवेटे को पुलिस छह महीने बाद भी ढूंढ नहीं सकी थी कि एक और नया माला सामने आ गया। कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में नयागंज पीपल वाली कोठी के पास कई कारोबारियों का करोड़ों का सोना लेकर राधा वल्लभ ज्वैलर्स का मालिक हरिओम गुप्ता फरार हो गया। दो कारोबारियों ने में आरोपी के खिलाफ तहरीर मुकदमा पंजीकृत कराया। जिस पर पुलिस सीसीटीवी और सीडीआर खंगालने में जुट गई है।

पुलिस की जांच में अब तक सामने आया है कि आरोपी सर्राफ हरिओम गुप्ता के भाई केशव नगर हनुमंत विहार निवासी मनीष कुमार गुप्ता ने भाई हरीओम गुप्ता और भाभी सुमित गुप्ता की गुमशुदगी की जानकारी पुलिस को दी है। पुलिस को यह भी बताया है कि भाई और भाभी के गुम होने की वजह व्यवसायिक लेनदेन है। इस मामले में अभी केवल दो कारोबारियों ने पुलिस के सामने आकर 95 लाख से एक करोड़ के बीच के सोने की बात बताई है। कलक्टरगंज पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक बार फिर से सोना लेकर भागने से बाजार में कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

किदवई नगर निवासी कारोबारी राजकुमार गुप्ता की राजू भाई ज्वैलर्स के नाम से राधे कृपा मार्केट में दुकान है। वहीं यहीं के रहने वाले कारोबारी संदीप मिश्रा की भी शिव गंगा भवन नयागंज में अंशिका ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। दोनों ने पुलिस को बताया कि नयागंज में मूल रूप से कहिंजरी, रसूलाबाद, कानपुर देहात निवासी हरिओम गुप्ता की श्री राधा वल्लभ ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया कि हरिओम गुप्ता उनसे और बाजार के दूसरी दुकानों से जेवर ले जाते थे और अप्रूवल लेकर आरटीजीएस से रुपये देते थे। राजकुमार गुप्ता के अनुसार हरिओम उनकी दुकान से 800 ग्राम सोना और संदीप की दुकान से 560 ग्राम सोने के जेवर लिए थे, इसका अप्रूवल दोनों दुकानदारों ने दे दिया था।



- ज्वैलरी लेने के बाद आरटीजीएस से भुगतान करता था आरोपी

### सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस हरकत में आई

शनिवार को सोशल मीडिया पर 10 करोड़ रुपये का सोना ले जाने की खबर वायरल होते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सोशल मीडिया पर पुलिस ने अपना बयान जारी किया। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि कारोबारियों की तहरीर पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर खंगाली जा रही है।

### पत्नी ने दिल्ली में भर्ती होने की बात कही थी

पीड़ित ने बताया कि 25 अप्रैल से राधा वल्लभ ज्वैलर्स बंद थी, जिसके बाद शक होने पर कॉल की। फोन पर हरिओम ने पत्नी की तबीयत खराब होने की जानकारी देते हुए दिल्ली के नामचीन अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी। पीड़ित ने बताया कि इसके बाद से हरिओम का मोबाइल भी बंद हो गया। दुकान भी कई दिन से बंद थी। दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों से बात की तो उन्होंने भी अनभिज्ञता जताई। इस पर उन लोगों ने अस्पताल देखने के लिए कुछ लोगों को दिल्ली भेजा। जहां उनकी पत्नी के नाम का कोई भर्ती ही नहीं हुआ। जिससे उन लोगों के होश उड़ गए। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने मामले की जानकारी आरोपी के भाई से की तो उन्होंने भी कोई जानकारी नहीं दी। पीड़ित पक्ष ने मामले की जानकारी कलक्टरगंज थाने में दी और जल्द से जल्द आरोपी की तलाश करने के लिए कहा है।

# सोना लेकर चंपत हुए संपत को भूली पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इनाम घोषित करने के बाद पुलिस ने लिया था एनबीडब्ल्यू
- 20 किलोग्राम सोना और करोड़ों की नकदी लेकर भागा है

**अमृत विचार।** दिसंबर 2023 को बजरिया थानाक्षेत्र के बेकनगंज इलाके से सराफा कारोबारियों का 20 किलो सोना और करोड़ों की नकदी लेकर भागने वाले फरार इनामिया कारीगर संपत राव लवेटे को अब तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिसके बाद पुलिस ने कोर्ट से गैर जमानती वारंट लिया था। पुलिस ने दोबारा एक टीम को संपत की तलाश करने के लिए महाराष्ट्र भेजने की बात कही थी। लेकिन होली इसके बाद चुनावी शोर में मामला ठंडे बस्ते में चला गया और पुलिस भूल गई। फरार कारीगर की गिरफ्तारी न हो पाने के कारण कारोबारियों का लगातार आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

बेकनगंज सराफा बाजार में पुराने सोने के आभूषणों को गलाने के लिए यहां के तमाम कारोबारी पिछले 25 से 30 वर्षों से संपत राव लवेटे नाम के कारीगर को अपना सोना देते थे। संपत मूलरूप से महाराष्ट्र के सांगली जनपद का रहने वाला है। वह परिवार के साथ बिरहाना रोड में नील वाली गली में किराए का मकान लेकर रह रहा था, जबकि बेकनगंज में उसने एसआर गोल्ड टेस्टिंग के नाम से एक दुकान खरीदी थी। संपत के साथ महेश मस्के के नाम का एक अन्य व्यक्ति भी रहता था। दोनों ने बेकनगंज के कारोबारियों की करीब चार महीने पहले 20 किलो सोना व एक करोड़ से ज्यादा की नकदी लेकर दुकान खरीदा था।

चार माह पूर्व कारोबारियों की करीब छह महीने पहले 20 किलो सोना व एक करोड़ से ज्यादा की नकदी लेकर फरार हो गए थे। उनके तलाश में कमिश्नरेट की दो पुलिस टीमें महाराष्ट्र गई थी। पुलिस टीम संपत के घर तो पहुंच गई थी, लेकिन वो हाथ नहीं लगा था। मामले में तत्कालीन पुलिस कमिश्नर ने 11 सदस्यीय एसआईटी गठित करके महाराष्ट्र भेजा था। लेकिन स्थानीय पुलिस की भाषाशैली के कारण टीम को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

इसके बाद पूर्व में डीसीपी क्राइम रहे सलमान ताज पाटिल को भेजा गया था। जहां तीन दिनों के भीतर ही महेश मस्के को कुछ माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं स्थानीय स्तर पर पुलिस ने संपत के घर का ताला बंद दरवाजा तोड़कर छानबीन की थी। लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा था। तलाशी के दौरान घर का सामान गायब मिला था। संपत लवेटे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने नेपाल की सीमा में चौकसी बढ़ा दी थी। एतियातन के तौर पर लखनऊ, कानपुर, मुंबई, दिल्ली के एयरपोर्ट प्रबंधन को सूचनाएं भेजी थीं।

### स्कूटी से बक्सा लेकर भागे थे दोनों

वारदात के दो दिन बाद सर्राफा कारोबारियों के हाथ संपत राव लवेटे और उसके साथी महेश का वीडियो हाथ लगा था। वीडियो संपत राव के कारखाने के नीचे का था जिसमें साफ देखा जा सकता था कि 2 दिसंबर की रात 11:57 मिनट पर संपत राव का साथी महेश मस्के दिखाई दिया था। उसके साथ दो युवक भी वीडियो में दिखाई दिए थे। उन्हें स्कूटी में बड़ी सी पेटी रखते हुए देखा गया था। इसके बाद महेश मस्के स्कूटी पर पेटी रखकर जाते हुए दिखा था। कारोबारियों ने इसी पेटी में भारी मात्रा में गोल्ड लेकर जाने का अनुमान लगाया था।

# मौसेरे भाई पर छात्रा से दुष्कर्म का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक महिला ने अपनी बहन के बेटे पर अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की शुरू

हरियाणा के गुड़गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी इंटर की छात्रा है। बताया कि छह जनवरी 2024 को सर्दी की छुट्टियों पर परिवार के साथ चकेरी स्थित घर आई थी। इसी दौरान उनकी बहनें भी अपने बच्चों के साथ आई थी। सात जनवरी को वे सभी लोग एक साथ सो रहे थे। तभी उनकी बेटी और बहन की 16 वर्षीय बेटे के बीच शारीरिक संबंध बन गए। दस जनवरी को वह लोग वापस गुड़गांव आ गए। कुछ माह बाद बेटी की तबीयत खराब हुई तो वह उसे डॉक्टर को दिखाने गई तो घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद पीड़ित मां ने बहन के नाबालिग बेटे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।






## एक नजर

### ट्रैक पार कर रहे बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र के मीरगंज के रहने वाले 60 मोहम्मद नफीस शुक्रवार रात मरे कंपनी पुल के नीचे से ट्रैक पार करते हुए काम से जा रहे थे, तभी ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। इस दौरान ट्रैकमैन की सूचना पर पहुंची जीआरपी ने मामले की जांच की। जिसके बाद परिजनों को सूचना दी। मृतक के बेटे फहीम ने बताया कि वह किसी काम से निकले थे, तभी हादसे के शिकार हो गए।

### उर्सला अस्पताल से वाहन चुराने वाले दबोचे गए

**कानपुर।** कोतवाली पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि हाल में आरोपियों ने उर्सला अस्पताल से तीन वाहन चुराए थे। मुखबिर की सूचना पर शनिवार दोपहर पुलिस पहुंची और आरोपियों को अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान उन्नाव निवासी मो आसिफ, शुक्लागंज निवासी एहतिशाम और नावेद के रूप में हुई। आरोपियों के पास से बाइक का लॉक खोलने वाले औजार आदि बरामद किए गए हैं।

### घर में महिला से छेड़छाड़

**कानपुर।** सीसामऊ थाना क्षेत्र में एक महिला ने पड़ोसी युवक पर घर में छेड़छाड़ करने व पुलिस पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न करने की पुलिस कमिश्नर से शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। सीसामऊ निवासी महिला के अनसार 30 अप्रैल को उनके पति व पुत्र काम से बांदा गये थे। वह घर पर अकेले थी तभी पड़ोसी टिंकू रात को जबरन घर में घुस आया और छेड़खानी शुरू कर दी। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों ने उसे धक्का मारकर घर से बाहर निकाला। आरोप है कि आरोपी के खिलाफ शिकायत की, मगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

### मौसम बदला



शनिवार की दोपहर अचानक मौसम बदला और तेज रफ्तार के साथ आंधी आ गई। आंधी के दौरान धूल के गुबार से सड़कों और मैदानी इलाकों में धुंध सी छा गई। हालांकि थोड़ी ही देर में मौसम साफ हो गया। अमृत विचार

# दोस्तों के साथ नहाने गया युवक गंगा में डूबा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महाराजपुर थाना क्षेत्र के डोमनपुर में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में सात दोस्तों के साथ नहाने गया युवक गंगा में गहरे में जाने से डूब गया। युवक काफी देर तक अपने को बचाने के लिए छटपटाता रहा। लेकिन उसकी मौत हो गई। इस दौरान बहाव के कारण युवक का शव काफी आगे पहुंच गया। गोताखोरों ने युवक के शव को कुछ ही देर में ढूंढकर दोस्तों को सुपुर्द कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कानपुर देहात के रसूलाबाद निवासी 36 वर्षीय मनीष उर्फ अजय प्रताप सिंह शुक्रवार को अपने दोस्त रोहित, सुमित, भानू, शिवपूजन, सोहन आदि सात दोस्तों के साथ मामा के घर तरौली में आया था। जहां से वह उन लोगों के साथ डोमनपुर गांव के पास नहाने गया था। दोस्तों ने पुलिस को बताया कि वह लोग घाट के पास नहा रहे थे, लेकिन वह गंगा को पार कर दूसरे पाट की तरफ जाकर नहाने लगा। इस दौरान गहरे में जाने के कारण वह डूब गया। जान बचाने के लिए वह काफी छटपटा रहा लेकिन इसके बाद वह शांत हो गया।

गोताखोरों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन तब तक उसकी जान जा चुकी थी। गंगा में बहाव के कारण शव थोड़ा आगे बह गया था। घटना के बाद दोस्तों का रो-रोकर बुरा हाल था। उनका कहना था कि पिता 95 वर्ष के विजय बहादुर सिंह घटना के बाद बेसुध हो गए। बताया कि मां और अन्य भाई की पहले मौत हो चुकी है।

# फायरिंग-पथराव में तीन पर रिपोर्ट

**कानपुर।** बुधवार देर रात काकादेव थानाक्षेत्र में दबंगों ने फायरिंग और पथराव किया था। जिसके बाद घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने वीडियो की जांच करते हुए पीड़ित की तहरीर पर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अंबेडकर नगर चेतना पब्लिक स्कूल के पास बुधवार रात करीब 10 बजे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें छह से ज्यादा नकाबपोशों ने फायरिंग करते हुए ईट पत्थरों और बेल्टों से अजय गौतम के घर में घुसकर हमला कर दिया था। वायरल वीडियो को लेकर पुलिस ने मामले की जांच की। जिसमें रज्जू उर्फ प्रदीप सोनकर, विश्वास हजारिया और आयुष का नाम आया।

# हेलो! डीसीपी बोल रहा हूं, जो कहता हूं वो मानो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फोटो वायरल होने का झांसा देकर 54 हजार रुपये ठगे

**अमृत विचार।** चकेरी थाना क्षेत्र में सेवानिवृत एयरफोर्स कर्मी का संदिग्ध फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने का झांसा देकर साइबर फ्रॉड ने 54 हजार रुपये की ठगी की घटना को अंजाम दिया। मामले में पीड़ित ने बताया कि वह अपने को डीसीपी बताकर बात कर रहा था। इसके बाद साइबर सेल और चकेरी पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चकेरी गांधीग्राम निवासी सुरेंद्र कुमार द्विवेदी ने तहरीर में बताया कि उनके पास आठ अप्रैल की सुबह एक अंजान नंबर से फोन आया। जिसने खुद को डीसीपी शर्मा बताया। कहा कि उनकी एक फोटो यूट्यूब पर वायरल हो रही है। फिर आरोपी ने उन्हें धमकाया, कहा कि घर चकेरी थाना की पुलिस को भेज कर जेल में 12 साल के लिए जेल में डाल दिया जाएगा। फिर आरोपी ने उन्हें क़ई बार फोन कर दबाव बनाया। फिर यूट्यूब पर वायरल हो रही फोटो को हटवाने के लिए एक बबलू नाम के व्यक्ति का मोबाइल नंबर दिया। जिसने पीड़ित से फोटो को वायरल करने से रोकने के लिए 5520 और 17 हजार रुपये ऑनलाइन ले लिए। इसके बाद आरोपी डीसीपी शर्मा नाम के व्यक्ति ने फिर फोनकर फेसबुक पर फोटो के वायरल होने से रोकने के लिए लव मेहिल नाम के व्यक्ति को 31.500 रुपये ऑनलाइन भुगतान करा दिया। इसके बाद फिर आरोपी ने उन्हें कमीशन काटकर 24 घंटे में रकम वापस होने का झांसा देकर 15,500 रुपये का फिर भुगतान करने को कहा। इस पर पीड़ित ने असमर्थता जताई। मामले में पीड़ित सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मी ने यह नहीं बताया कि वह किस तरह की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की बात कह रहा था। पीड़ित का कहना है कि वह उसके झांसे में आ गए। चकेरी प्रभारी अशोक दुबे का कहना है कि आरोपी की तलाश के प्रयास किए जा रहे हैं।

### एयरफोर्स कर्मी से रिवार्ड का झांसा देकर ठगी

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र में एयरफोर्स कर्मी के एसबीआई रिवार्ड प्वाइंट लिंक पर क्लिक करते ही खाते से पचास हजार रुपये पार हो गए। मूलरूप से चंडीगढ़ निवासी विश्वजीत दास चकेरी एयरफोर्स स्टेशन ने जूनियर वारंट ऑफीसर के पद पर कार्यरत हैं। उनका चंडीगढ़ एसबीआई में बैंक खाता है। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर छह मई की रात 11:43 बजे एक नंबर पर एसबीआई रिवार्ड प्वाइंट्स के एक्सपायरी होने का एसएमएस आया। जिस लिंक पर उन्होंने जिज्ञासा वश दूसरे दिन सात मई को क्लिक कर दिया। इसके बाद एसबीआई का योनो एप का पेज खुला व एक ओटीपी ऑटो जेनेरट हुआ। इस पर बैंक खाते पर ऑटो फिलंग ऑप्शन होने के कारण स्वयं ही इन्पूट हो गया। इसके तीन मिनट बाद बैंक से पचास हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। ठगी का शिकार होने के बाद तुरत नजदीकी एसबीआई बैंक शाखा और साइबर क्राइम ब्रांच में संपर्क किया। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे का ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**गोष्ठी** आईएसओपीएआरबी और ओब्स एंड गाइनी सोसाइटी के सदस्यों ने दी जानकारी

# प्री मिच्योर डिलीवरी से बच्चे का विकास होता प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 10 से 15 प्रतिशत गर्भवतियों की प्रीमिच्योर डिलीवरी होती है, जिसका असर बच्चे के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसका कारण किसी गर्भवती में स्पष्ट होता है, जबकि कई गर्भवती में कारण पता नहीं चलता है। इनमे से 35 प्रतिशत में एमनीओटिक मेम्ब्रेन फटने और 25 प्रतिशत महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान मेडिकल कारणों से समस्या हो जाती है। ऐसे सावधानी जरूरी है। यह जानकारी मुख्य संरक्षिका डॉ.मीरा अग्निहोत्री ने दी।

कानपुर आईएसओपीएआरबी सोसाइटी व कानपुर ओब्स एंड गाइनी सोसाइटी ने तिलक नगर स्थित एक होटल में गोष्ठी की। कर्नाटक के मनिपाल से आए डॉ. प्रताप नारायण कुमार ने समय से पहले प्रसव की वजह से होने वाली समस्याओं की रोकथाम और उपाय की जानकारी दी। इस पर प्राकृतिक माइक्रोनाइज्ड प्रोजेस्टेरोन की भूमिका पर भी चर्चा की। डॉ.मीरा अग्निहोत्री ने बताया कि बैक्टीरियल वेजाइनोसिस, मेडिकल डिसऑर्डर्स व डायबिटिज आदि वजहों से भी समय से पहले प्रसव जाते है। तब बच्चों को सांस लेने में दिक्कत, पीलिया, इंट्रावेंट्रिकुलर हेमरेज व नैक्रोटाइजिंग एंट्रोकोलाइटिस आदि समस्या देखने को मिलती है। वहीं, इन बच्चों में सेरिब्रल पॉलिसी व दिमाग कमजोर होने आदि बीमारियों से भी लक्षण हो सकते है, जिसका निवारण अत्यधिक जरूरी है।

आईएसओपीएआरबी सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. नीलम मिश्रा ने गर्भावस्था में लैक्टोफेरिन की भूमिका, प्रदर के कारण, वैजिनल संक्रमण से होने वाली बिमारीयां, पीसीओडी, समय से पहले गर्भपात, एंडोमेट्राइटिस व बच्चेदानी के कैंसर से बचाव की अहम जानकारी दी। इस दौरान अध्यक्ष डॉ. नीलम मिश्रा, सचिव डॉ.रेशमा निगम, डॉ. राशि मिश्रा, डा. किरन सिन्हा, डॉ.किरन पांडेय, डॉ.उषा गोयनका, डॉ.कंचन शर्मा, डॉ.अमृता शाह, डॉ.रीना कौल मट्टू आदि डॉक्टर मौजूद रही।



गोष्ठी में भाग लेते ओब्स एंड गाइनी सोसाइटी के सदस्य। अमृत विचार

- महिला डॉक्टरों ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने की शपथ ली

### अधिक मतदान से मजबूत होगा लोकतंत्र

आईएसओपीएआरबी सोसाइटी की सचिव डॉ.किरण सिन्हा और अध्यक्ष डॉ. कल्पना दीक्षित, डॉ.मीरा अग्निहोत्री ने गोष्ठी में शामिल सभी सदस्यों को मतदान की शपथ दिलाई। लोकतंत्र में आस्था रखते हुए, स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ लेते है। साथ ही डॉक्टरों ने मतदान के प्रति लोगों को भी जागरूक करने की बात कही।

# कोटेदार के पुत्र समेत तीन युवकों ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई घटनाएं

**अमृत विचार।** शहर के तीन थाना क्षेत्रों में संदिग्ध परिस्थितियों में कोटेदार के पुत्र समेत तीन युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शवों को फांसी के फंदे पर लटकते देखा तो चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटना के साक्ष्य एकत्र कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली थानाक्षेत्र में चौक के रहने वाले कोटेदार रामकुमार अवस्थी के 36 वर्षीय पुत्र मयंक अवस्थी ने शुक्रवार देर शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह पिता के काम में हाथ बंटाता था। मां माधुरी ने बेटे को आवाज दी लेकिन कोई प्रतिक्रिया जिसके बाद कमरे में जाकर देखा तो उसका शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया गया। घटना के बाद छोटे भाई शशांक का रो-रोकर बुरा हाल था।

इसी प्रकार गोविंद नगर थानाक्षेत्र में रामआसरे नगर के रहने वाले 35 वर्षीय परशुराम ने फांसी लगाकर जान दे दी। पिता बुद्धा ने बताया कि वह कबाड़ बीनने का काम करता था। वह देर शाम दवा लेने के लिए गए थे, इसी दौरान उसने कमरे में ऊपर जाकर बल्ली के सहारे साड़ी लगाकर जान दे दी। पत्नी सुषमा और बच्चे साहिल, सनी, कार्तिक का रो-रोकर बुरा हाल था।

वहीं रावतपुर थानाक्षेत्र में रावतपुर गांव के रहने वाले 38 वर्षीय सुशील मिश्रा ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पत्नी मीना ने बताया कि उनके बेटे आकाश का पैर टूट गया था।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **जूली पुत्री सुरेश कुमार निवासी– नवीपनाह माल लखनऊ** की रहने वाली हूँ। दिनांक 6–5–2024 को मेरी इंटरमीडिएट की मार्क सीट जिसका अनुक्रमांक 219547131 व हाई स्कूल अनुक्रमांक 1341744 वास्तव में कही खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम लंठु गुप्ता से बदलकर राजकुमार गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।– **राजकुमार गुप्ता पुत्र सुरेश, निवासी– मरकड़ी, पोस्ट– पिडहनी, मर्करी, गोरखपुर, (उ0प्र0)–273402**

**सूचना**

सूचित हो कि मै वैभवी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह, निवासी– ग्राम–सरौती, पोस्ट– अर्जुनामऊ, ब्लॉक– नवाबगंज, तहसील– हसनगंज जनपद उन्नाव की निवासिनी है। मेरी एलआईसी पालिसी संख्या 214708342 में त्रुटिवश मेरा नाम वैभवी सिंह के स्थान पर हनी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह अंकित हो गया है। जबकि हनी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह व वैभवी सिंह पुत्री इतेंद्र सिंह दोनों नाम एक ही महिला के है इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति नहीं है। इतेंद्र सिंह के मात्र एक पुत्री वैभवी सिंह है जो उपरोक्त पते कि निवासी है। अत: मेरी पॉलिसी में मेरा नाम हनी सिंह के स्थान पर वैभवी सिंह अंकित किया जाय।

**सूचना**

मैं सूचित करता हूं कि **मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद अयूब, निवासी– गौरा मज़रे ड़ीह, थाना– डीह, जिला रायबरेली** का हूं। मैं अपने दूसरे नंबर के पुत्र मोहम्मद शमीम को गलत आचरण व्यवहार से त्रस्त आकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में दूसरे नंबर के पुत्र मोहम्मद शमीम के कृत्यों से मेरा कोई लेना देना और सरोकार नहीं है।

**Notice**

My daughter is a student of Fatima higher secondary school. My daughter's name has been written as Ananya in the records, whereas my daughter's correct name is Ananya Singh. The correct name is Ananya Singh written in the Aadhar card. Therefore, it is necessary to mention Ananya Singh in the school records. Manish Kumar son of Gopal Singh resident of Rupni Jogaulia Tola East Champaran Bihar.

**Notice**

My son is a student of Fatima Higher Secondary School. My son's name has been written as Vivan in the records, whereas my son's correct name is Atharv Singh. The correct name is Atharv Singh written in the Aadhar card. Therefore, it is necessary to mention Atharv Singh in the school records. Manish Kumar son of Gopal Singh resident of Rupni Jogaulia Tola East Champaran Bihar.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **छोटे पुत्र स्व0 रोशन, निवासी– खेरवा पुरवावां, थाना– मल्लावां तहसील बिलग्राम जिला हरदोई,** मेरे पुत्र वाहिद व पुत्रवधू हिना के द्वारा मुझे व मेरे परिवार के अन्य सभी लोगों को हमेशा परेशान किया जाता है मेरे पुत्र व पुत्रवधु मेरी बात को मानने से इनकार करते है इनका चाल चलन ठीक नही है उनके इन कृत्यों से तंग आकर मैने अपने पुत्र वाहिद व पुत्रवधु हिना को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है अब हमारा इन लोगों से कोई भी वास्ता व सरोकार नही रहेगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी धारक हूं। पालिसी संख्या 219320700 में मेरा नाम प्रांशू सिंह दर्ज है जबकि बैंक खाता, आधार कार्ड एवं वोटर लिस्ट में मेरा नाम अर्पिता सिंह है। दोनों ही नाम प्रांशू सिंह व अर्पिता सिंह मेरे हैं। अत: पालिसी में मेरा नाम प्रांशू सिंह उर्फ अर्पिता सिंह दर्ज किया जाय। **–प्रांशू सिंह उर्फ अर्पिता सिंह पुत्री राजेश कुमार सिंह, निवासी अमदही पूरे राम सरन, पोस्ट–अमदही पूरे राम अधीन गोंडा।**

**सूचना**

मेरी पुत्री फातिमा हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा है। मेरी पुत्री का नाम अभिलेखों में अनन्या लिख गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम अनन्या सिंह (ANANYA SINGH) है। अधारकार्ड में सही नाम अनन्या सिंह ही लिखा है। अतरू विद्यालय के अभिलेख में अनन्या सिंह अंकित किया जाना आवश्यक है।**–मनीष कुमार पुत्र गोपाल सिंह, निवासी– रूपनी जोगौलिया टोला पूर्वी चंपारण बिहार।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र फातिमा हायर सेकेंडरी स्कूल का छात्र है। मेरे पुत्र का नाम अभिलेखों में विवान लिख गया है, जबकि मेरे पुत्र का सही नाम अथर्व सिंह (ATHARV SINGH) है। अधारकार्ड में सही नाम अथर्व सिंह ही लिखा है। अत: विद्यालय के अभिलेख में अथर्व सिंह अंकित किया जाना आवश्यक है। **– मनीष कुमार पुत्र गोपाल सिंह, निवासी– रूपनी जोगौलिया टोला पूर्वी चंपारण बिहार।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे शैक्षिक रिकार्ड में मेरा नाम शालू साहू दर्ज है। जबकि शादी के उपरान्त मेरा नाम शालू पाल हो गया है जो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में दर्ज है। अत: मुझे भविष्य में शालू साहू के स्थान पर शालू पाल के नाम से जाना जाये। **शालू पाल पत्नी महेन्द्र पाल निवासी 24/239 ब्रहम नगर पोनी रोड शुक्लागंज गंगाघाट उन्नाव।**

**सूचना**

सूचित हो कि मै विनोद कुमार उर्फ पुत्ती कौशल पुत्र छोटेलाल अपने पूरे होशोहवास में अपने बड़े पुत्र शुभम कौशल पुत्र विनोद कुमार उर्फ पुत्ती कौशल को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा समाज मे किए गए किसी भी गलत कार्य या लेन–देन से मेरा कोई संबंध नही है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। वह अपने कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। विनोद कुमार उर्फ पुत्ती कौशल पुत्र छोटेलाल निवासी डिहवा शेर बहादुर, पीपल वाली गली नगर पंचायत कैसरगंज बहराइच।

**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

35.6⁰ अधिकतम तापमान | 25.7 न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:23 | सूर्यास्त 06:47

हार्मोनल विकार से एक लाख में से एक व्यक्ति को होता अति दुर्लभ विकार

# कुशिंग सिंड्रोम का ऑपरेशन कर बचाई युवती की जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज ने आठ मई को कामयाबी की एक और इबारत लिख दी। कॉलेज के प्राचार्य ने एंडोक्रोनोलॉजिस्ट, कैंसर रोग विशेषज्ञ व गैस्ट्रो सर्जन की मदद से कुशिंग सिंड्रोम का पता लगाया और फिर लेप्रोस्कोप विधि से ऑपरेशन कर युवती की जान बचाई। प्राचार्य के मुताबिक जीएसवीएम में कुशिंग सिंड्रोम का पहला ऑपरेशन हुआ है। अभी तक ऐसे मरीजों को लखनऊ व दिल्ली भेजा जाता था।

शहर की रहने वाली 28 वर्षीय युवती करीब एक साल से वजन बढ़ने, शरीर में कमजोरी, उठने-बैठने में तकलीफ होने, शरीर में बैंगनी रंग के चकत्ते पड़ने, माहवारी की समस्या, शुगर आदि बढ़ने की समस्या से पीड़ित थी। युवती ने शहर के कई नामी अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन आराम नहीं मिला। अप्रैल में युवती जीएसवीएसएस की पीजीआई के एंडोक्रोनोलॉजी विभाग की ओपीडी में परामर्श लेने पहुंची। यहां एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ.शिवेंद्र वर्मा ने लक्षण के आधार पर युवती को कुछ जांच लिखने के साथ ही एमआरआई कराने की सलाह दी। एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ.शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि जांच में एसीटीएच शून्य था। पोटैशियम कम था और कार्टिसोल बढ़ा था। युवती के ब्रेन की एमआरआई कराई, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो सका कि ऐंड्रिनियल ग्रंथि किस वजह से बढ़ रही है। सटीक जानकारी के लिए पेट का सीटी स्कैन कराया गया, जिसमें दाईं तरफ किडनी के ऊपर गांठ मिली, जो दो सेंटीमीटर की थी।

डॉ.शिवेंद्र ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला को कुशिंग सिंड्रोम की जानकारी देने के साथ पेट में गांठ मिलने की जानकारी दी। प्राचार्य ने कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.कुश पाठक, गैस्ट्रो सर्जन डॉ.आरके जौहरी और डॉ.अनुराग के साथ मिलकर ऑपरेशन की तैयारी की। प्राचार्य ने बताया कि डॉक्टरों की टीम ने पिछले सप्ताह युवती का लेप्रोस्कोप विधि से ऑपरेशन किया, जो करीब डेढ़ घंटे तक चला। ऑपरेशन के बाद युवती अब स्वस्थ है।


कुशिंग सिंड्रोम के बारे में जानकारी देते प्राचार्य प्रो. संजय काला, एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ.शिवेंद्र वर्मा और उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी। अमृत विचार

### इस वजह से होती है बीमारी

एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ.शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि यह एक हार्मोनल विकार है, जो कोर्टिसोल के अधिक उत्पादन से जुड़ा है। कोर्टिसोल शरीर की ओर से उत्पादित एक हार्मोन है, जो तनाव से लड़ने के लिए एक ग्रंथि का निर्माण करता है। धीरे-धीरे यह पीट्यूटेरी ग्लैंड में जमा होता है और वह बीमारी का कारण बनता है। यह इतना छोटा होता है कि एमआरआई में भी जल्द पकड़ में नहीं आता। कुशिंग सिंड्रोम का एक लक्षण यह भी होता है कि इसमें लोगों के हाथ-पैर पतले होने लगते हैं और पेट निकलने लगता है। इसका खाने-पीने से संबंध नहीं होता है, बल्कि जेनेटिक कारण हो सकते हैं।

### किसी चुनौती से कम नहीं था ऑपरेशन करना

- मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि साल या दो साल में एक या दो मरीज कुशिंग सिंड्रोम बीमारी से ग्रस्त मिलते हैं। यह बीमारी एक लाख लोगों में किसी एक व्यक्ति में पाई जाती है। कुशिंग पीड़ित युवती का ऑपरेशन करना डॉक्टरों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। पहली चुनौती यह थी कि गांठ दाईं तरफ किडनी के ऊपर थी। दूसरी चुनौती लिवर से चिपका होना और तीसरी चुनौती ऑपरेशन था। जरा सी गलती से अधिक रक्तस्त्राव हो सकता था और जान भी जा सकती थी, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने सभी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए लेप्रोस्कोप विधि से ऑपरेशन कर युवती की जान बचाई।

## दंपति के दरवाजे फायरिंग करने वालों पर रिपोर्ट

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में बच्चे से कुकर्म का प्रयास और महिला से छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा वापस लेने के लिए दबंगों ने दंपति के घर के बाहर फायरिंग की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

21 अप्रैल को इंदिरा नगर निवासी महिला का बेटा पड़ोस के निर्माणाधीन मकान में गेंद उठाने गया था। इस दौरान मजदूर बजरंगी ने उससे कुकर्म का प्रयास किया था। परिजनों मकान मालिक जगपाल सिंह से शिकायत की। मकान मालिक ने मजदूर को डांटने के बजाय उल्टा उनसे ही गाली गलौज की। पुलिस ने भी उन्हें टरका दिया। जिसके बाद आरोपियों ने महिला और उसके पति को मारापीटा और छेड़छाड़ की। मामला तूल पकड़ने के बाद पुलिस ने बजरंगी, मकान मालिक जगपाल सिंह, विजय कुमार उनकी पत्नी, आनन्द कुमार आदि के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की। मुकदमा वापसी का दबाव बनाते हुए दबंगों ने मंगलवार देर रात महिला के घर पर फायरिंग की जिसका वीडियो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। पीड़िता ने मामले को लेकर थाने में तहरीर भी दी। तीन दिन बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में विजय कुमार कटियार, जगपाल सिंह, आनंद कुमार, सुनील कुमार व दो अज्ञात समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक नजर

### कल्याणपुर में बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट 17 से

**कानपुर।** जिला बैडमिंटन संघ की ओर से बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट सीरीज का आयोजन 17 से 19 मई को रागेंद्र स्वरूप स्पोर्ट्स अकेडमी कल्याणपुर में होगा, जिसमें प्रतिभागिता के लिए पंजीकरण 15 मई तक ऑनलाइन व रागेंद्र स्वरूप स्पोर्ट्स अकेडमी में होगा। रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के अंडर-9, अंडर-13, अंडर-17 बालक व बालिका एकल, 13 व 17 वर्ग में युगल प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे।

### पैरामिलिट्री फोर्स के साथ बूथों का किया निरीक्षण

**बिठूर।** आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को बिठूर पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी। मतदान की तैयारियों का भी जायजा लिया। शनिवार को पुलिस टीम ने क्षेत्र के क्रिटिकल श्रेणी के गांव सिंहपुर, संबलपुर, मोहन पुरवा, शिवदीन पुरवा, नया डालपुरवा, हिंदूपुर, पिपरिया, प्रतापपुर हरि, लुढ़ोरी, गंभीरपुर कछार, प्रेमपुर व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में केंद्रीय पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन मार्च किया।

## वोटिंग के बाद स्कूलों को दूसरी नोटिस की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी नियुक्ति मामले में शिक्षा विभाग को अब तक नहीं सौंपी गई जांच रिपोर्ट
- प्रकरण में दोनों स्कूलों को भी करनी है जांच, वेतन आहरण प्रमुख विषय

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा विभाग में फर्जी भर्ती घोटाले में नियुक्ति देने वाले दोनो स्कूलों को 13 के बाद नोटिस की तैयारी है। विभागीय जांच टीम को अब स्कूल की जांच से जुड़े दस्तावेज न उपलब्ध कराए जाने पर यह नोटिस जारी की जाएगी। विभाग की ओर से स्कूलों को जांच टीम से सहयोग न करने पर पहले ही एक नोटिस दिया जा चुका है।

शिक्षा विभाग में हाल ही में फर्जी ई-मेल के जरिए भेजे पैनल से हुई भर्ती के मामले में दोनो ही स्कूल की लापरवाही सामने आ रही है। आदेश के बाद भी प्रबंधक स्तर की जांच की रिपोर्ट अब तक विभाग नहीं पहुंची है। फर्जी ई-मेल के जरिए शहर के दो बालिका विद्यालय मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज और आर्य कन्या इंटर कॉलेज में शिक्षिकाओं की भर्ती हुई थी।मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलज में नियुक्त शिक्षिका को 4 महीने का वेतन तक का भुगतान कर दिया गया।

इस पर विभाग की ओर से दोनों ही स्कूलों को अपने यहां पर जांच कर जांच रिपोर्ट को विभागीय जांच टीम के समक्ष प्रस्तुत किए जाने का आदेश दिया गया था। तय समय पर रिपोर्ट न भेजने की वजह से विभाग की ओर से एक नोटिस भी जारी किया जा चुका था। अब दोनो ही स्कूलो को दूसरे नोटिस दिए जाने की तैयारी विभाग में चल रही है। मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि जांच रिपोर्ट भेजे जाने के लिए 13 के बाद नोटिस जारी किया जाएगा।

## जमीन खरीदने के लिए किसानों से मिली केडीए टीम

**कानपुर।** केडीए अधिकारियों ने एक बार फिर काश्तकारों के पास पहुंचकर प्राधिकरण को भूमि विक्रय किये जाने के लिये प्रोत्साहित किया। योजना के तहत सिंहपुर कछार, गंगपुर चकबदा, हिन्दूपुर व सम्भरपुर ग्रामों से संबंधित भू-स्वामियों से वार्ता की और उनको योजना के फायदे गिनाए। केडीए वीसी के निर्देश पर विशेष कार्याधिकारी भूमि बैंक (जोन-1) डॉ. रवि प्रताप सिंह द्वारा नायब तहसीलदार व अमीनों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने भू-स्वामियों को कानपुर विकास प्राधिकरण, कानपुर में प्रतिदिन आयोजित कैम्प के बारे में भी जानकारी दी, और कहा कि अधिक से अधिक काश्तकार सहमति के आधार पर भूमि विक्रय के लिये अपनी सहमति प्रदान करें ताकि जल्द योजना की बाधाओं को दूर किया जा सके। इस दौरान काश्तकारों ने कई तरह से सवाल भी टीम से पूछे।

## उम्र की जांच इटावा-औरैया तक पहुंची

होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- विभागीय टीम दोनो ही जिलों के अधिकारियों से जन्म प्रमाण पत्रों की जांच के लिए करेगी संपर्क
- प्रकरण मामले में एक विभागीय कर्मचारी की भी भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है

**अमृत विचार।** शिक्षा विभाग में फर्जी उम्र मामले की जांच दो जिलों तक पहुंचेगी। इसकी वजह जांच के दौरान दो जन्म प्रमाण पत्रों का सामने आ जाना है। विभागीय जांच टीम अब दोनो ही जिलों के अधिकारियों को जन्म प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए संपर्क करेगी। ऐसे में जांच दो जिलों तक पहुंचेगी। माध्यमिक शिक्षा विभाग में कर्मचारी की उम्र में हेरफेर के मामले की शिक्षा विभाग ने जांच शुरू कर दी है।

आरोपी स्कूल के कर्मचारी सुभाष द्विवेदी के दो जन्म प्रमाण सामने आ गए हैं। एक पत्र इटावा जबकि दूसरा पत्र औरैया जिले का है। विभाग की ओर से फिलहाल इटावा जिले से इटावा जिले से प्रमाण पत्र की प्रति मंगवाई जा चुकी है। अब औरैया जिले के सामन आए प्रमाण पत्र का सत्यापन भी जांच कमेटी जल्द कराए जाने की योजना बना रही है।

उधर, पूरे मामले में एक विभागीय कर्मचारी की भी भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। जांच कमेटी की ओर से कर्मचारी से भी जल्द ही पूछताछ किए जाने की बात कही जा रही है। पूरे मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी स्कूल के कर्मचारी की ओर से प्रस्तुत प्रमाण पत्र को भी जांच में शामिल किया जाएगा। पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है। प्रकरण में जो भी दोषी होगा उसके खिलापु कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बीपीएमजी इंटर कॉलेज का यह है मामला

- मंधना के बीपीएमजी इंटर कालेज में कार्यरत एक कर्मचारी ने पांच साल का सेवा विस्तार और वित्तीय लाभ पाने के लिए सेवा पंजिका में दर्ज जन्म वर्ष में बदल डाला। उच्चाधिकारियों ने शिकायत संज्ञान में आने पर प्रकरण की जांच शुरू हुई है। प्रथमदृष्टया जांच में डीआइओएस कार्यालय में माध्यमिक शिक्षा पटल देखने वाले लिपिक की संलिप्तता सामने आई है। बीपीएमजी इंटर कालेज में कार्यरत कर्मचारी सुभाष द्विवेदी की एक दिसंबर 1990 को नियुक्ति हुई थी। सेवा पंजिका में जन्म वर्ष 1964 लिखा हुआ है। 34 साल नौकरी करने के बाद कर्मचारी ने यह कहते हुए अपनी उम्र कराई है कि उसकी जन्म तिथि गलत दर्ज है।


ऐलन हाउस में मतदान की शपथ लेते शिक्षक और छात्र। अमृत विचार

### लोकतंत्र में हर वोट राष्ट्र निर्माण में अहम

**कानपुर।** सोमवार को चौथे चरण के होने वाले चुनाव को लेकर रूमा स्थित ऐलनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संस्थान के निदेशक डॉ मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि यह एक राष्ट्रीय पर्व है। हमे इसे त्योहार के रूप में उत्साह के साथ मनाना चाहिए। एक-एक वोट की राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी है। मतदान के दिन सारे काम को छोड़ कर सबसे पहले मतदान करें। इंस्टीट्यूशन में ऐसे कई छात्र है, जो पहली बार मतदान करने जा रहे है। निदेशिका डॉ रूबी चावला ने विद्यार्थियों को मतदान करने की शपथ दिलाकर देश को मजबूक बनाने की अपील की। कार्यक्रम में डीन डॉ देव सिंह, डॉ दीपिका सिंह, डॉ सौरभ शुक्ला, डॉ रिचा मिश्रा रहे।

## 'वोट डालने जाना है अपना फर्ज हर हाल में निभाना है'

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को कस्बे के न्यू लाइट एजूकेशन सेंटर इंग्लिश मीडियम विद्यालय पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरुकता रैली को रवाना किया। रैली कस्बे के मुगल मार्ग होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी मतदान सबकी जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार, कभी ना करें इसका बहिष्कार, जैसे स्लोगन लिखे थे। बीईओ ने कहा कि जरूरी है कि हम शत-प्रतिशत मतदान करें। शुजात खान, दिव्यम सक्सेना, अनुज सोनी, रिषभ वर्मा रहे।



राजपुर कस्बे में मतदाता जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते बीईओ।

### मतदाताओं को सेल्फी प्वाइंट बना किया गया जागरूक

**कानपुर देहात।** लोकसभा चुनाव में मतदाता जागरुकता के लिए जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत स्वीप गतिविधि के अंतर्गत झींझक विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय गाउपुर के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। साथ सेल्फी प्वॉइंट से सेल्फी लेकर मतदान की अपील की। संविलियन विद्यालय गाउपुर में शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी शैलेश द्विवेदी के मार्गदर्शन में रैली निकाली।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम में बेस्ट मदर का अवार्ड दिया गया। अमृत विचार

### मोनिका पवार ने जीता बेस्ट मदर का अवॉर्ड

**कानपुर।** जेएमडी वर्ल्ड स्कूल मैनावती मार्ग में शनिवार को मातृ दिवस समारोह आयोजित हुआ। इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए बच्चों ने प्रतिभाग कर प्रदर्शन किया। समारोह में प्री प्राइमरी के बच्चों का डांस और गीत सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। डिस्प्ले के माध्यम से मां के ऊपर बेस्ट तीन रील्स भी दिखाई गई। कविता पाठ, मां के साथ नृत्य ने माहौल को भव्य किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्या मलिका अरोरा ने बच्चों के जीवन में मां का महत्व बताया। कार्यक्रम में बेस्ट मदर अवार्ड से मोनिका पवार पुरस्कृत की गई। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर सोमी मिश्रा, आरती चंडोक व नूरीन मिर्जा प्रमुख रूप मौजूद रहीं।


कैम्ब्रिज स्कूल में मदर्स डे पर फैशन प्रतियोगिता हुई। अमृत विचार

### फैशन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

**कानपुर।** कैम्ब्रिज हाईस्कूल व स्काईलार्क स्कूल की ओर से 'मदर्स डे' कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्टेटस क्लब में हुए इस आयोजन में चित्रकला, पाककला व फैशन शो प्रतियोगिताओं के जरिए माहौल भव्य किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि गीता मल्होत्रा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में मेनका जोशी, नम्रता बेरी, रीतिका मेहता, शेफ बलराम ने प्रतिभागियों को परखा। समारोह में प्रधानाचार्या रुचि कोहली ने बच्चों को मां का हर आदेश माने की सलाह दी। समारोह में प्रबंधक नीलम मेहरोत्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।


हम्टी-डम्टी प्री स्कूल में मदर्स डे पर गीत पेश करते बच्चे। अमृत विचार

### दुर्गा स्तुति के साथ छात्राओं के नृत्य ने मोहा मन

**कानपुर।** हम्टी-डम्टी प्री. स्कूल व डॉ. शारदा मेमोरियल पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में मदर्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या अलका तिवारी ने की। समारोह में सीनियर विंग की छात्राओं की ओर से प्रस्तुत किए गए दुर्गा स्तुति पर नृत्य को सभी की सराहना मिली। इसके बाद जूनियर विंग के बच्चों ने माताओं को समर्पित गीत प्रस्तुत किया। सीनियर विंग के बच्चों ने नाटक के जरिए मां का महत्व बताया। 'मां तू कितनी प्यारी है' गीत ने श्रोताओं को भावनाओं में पिरोया।



भारत विकास परिषद की ओर से कार्यक्रम आयोजित हुआ। अमृत विचार

### शरबत पिलाकर मतदान के लिए किया जागरूक

**कानपुर।** जाजमऊ में भारत विकास परिषद रामकृष्ण शाखा ने शनिवार को मतदान जागरूकता कार्यक्रम पर शरबत वितरण किया। गर्मी के मौसम में शरबत ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। वहीं, परिसर में वाटर कूलर का उद्घाटन शाखा संरक्षक डॉ.डीएन रायजादा ने किया। संरक्षक ओके श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं दायित्व भी है। क्षेत्रीय सचिव महिला सहभागिता अनिता श्रीवास्तव ने कहा कि अपने मत का इस्तेमाल कर हम सब मिलकर लोकतंत्र को मजबूत बना सकते है। इस दौरान क्षेत्रीय सचिव संस्कार एससी श्रीवास्तव, प्रांतीय अध्यक्ष वीएस अवस्थी, महासचिव आरके श्रीवास्तव, प्रांतीय संरक्षक नागेंद्र कुमार चतुर्वेदी, शाखा सचिव अजय मेहरोत्रा, संरक्षक ओके श्रीवास्तव आदि रहे।


जागरुकता रैली निकालतीं एनसीसी की छात्राएं। अमृत विचार

### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरुकता रैली

**कानपुर।** संसदीय चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए शुक्रवार को यूपी एयर विंग एनसीसी-12 की कैडेट्स ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली। डीडी विद्या निकेतन एजुकेशन सेंटर में रैली का शुभारंभ प्रधानाचार्या सरिता गुप्ता ने किया। स्कूल की कैडेट्स ने मतदान देश का गर्व स्लोगन से लोगों से मतदान की अपील की।

## युवाओं का मत तय करेगा देश का भविष्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकतंत्र के महापर्व के मौके पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नारायणा ग्रुप ऑफ मेडिकल कॉलेज में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को एक-एक वोट का महत्व बता कर मतदान करने का संकल्प दिलाया गया।

संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद अभाविप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहां राष्ट्र के निर्माण में मतदाताओं की महती भूमिका होती है। विद्यार्थी परिषद हमेशा राष्ट्रहित में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए पूरे देश में कार्यकर्ता जन जागरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। युवाओं का मत आने वाले कल के भारत के स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करेगा। बूंद बूंद से सागर भरता है ऐसे में एक एक मत अनमोल है। इस मौके पर प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थि, विभाग संगठन मंत्री आशुतोष सिंह, अमित पांडेय, नारायणा ग्रुप के चेयरमैन आदित्य नारायण समेत छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



नारायणा ग्रुप ऑफ मेडिकल कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम हुआ। अमृत विचार

अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस | ऑफलाइन के साथ डिजिटलीकरण की ओर भी बढ़ रहा नर्सिंग स्टाफ

# सेवा और समर्पण का दूसरा नाम है स्टाफ नर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जब भी कभी कोई मरीज अस्पताल में भर्ती होता है तो उनकी सबसे ज्यादा सेवा एक नर्स करती हैं। नर्स ही अस्पताल में इलाज के दौरान मरीजों को पूरा सहयोग करती है और हर मरीज को स्वस्थ करने के लिए जी-जान लगा देती हैं। वार्ड से लेकर ऑपरेशन थियेटर तक डॉक्टरों का भी काफी सहयोग करती है।

प्रसव के समय गर्भवतियों को हिम्मत देने और उनकी अच्छी देखभाल का जिम्मा भी बखूबी निभाती है। ऐसी ही नर्सों के शानदार व इंसानियत जगाने वाले काम को और प्रोत्साहित करने के लिए 12 मई को नर्स डे मनाया जाता है। इस बार की थीम "हमारी नर्सें, हमारा भविष्य। देखभाल की आर्थिक शक्ति " घोषित की गई है। वहीं, वह अब ऑफलाइन कार्यों के साथ ही डिजिटलीकरण की ओर भी बढ़ रही है।


कल्यानपुर सीएचसी की स्टाफ नर्स निधि कटियार ने बताया कि बिनौर गांव की एक गर्भवती के प्रसव का समय होने पर गर्भाशय से पानी का रिसाव होने लगा था। महिला सीएचसी में तीसरी संतान को जन्म दिया। लेकिन शिशु रोया नहीं था। स्टाफ नर्स ने परिजन को जानकारी देकर बच्चे को पुनर्जीवित करने के लिए वार्मर में ले गई। परिजन मातम मनाने लगे थे, लेकिन स्टाफ नर्स के प्रयास से बच्चे ने करीब एक घंटे के बाद बच्चे ने रोना शुरू किया।


प्रयागराज की मूल निवासी स्नेहलता एक समर्पित नर्स हैं, जो 23 साल से नर्सिंग क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही है | वर्तमान में वह डफरिन अस्पताल में कार्यरत हैं। वह ओपीडी में आने वाली महिलाओं के इलाज, ऑपरेशन थियेटर, सर्जरी, प्रसव कक्ष और सामान्य वार्ड में मरीजों की देखभाल करने साथ ही सभी रजिस्टर को नियमित अपडेट करती हैं। साथ ही जन्म के तुरंत बाद बच्चे को स्तनपान कराने के लिए माताओं को प्रेरित करती हैं।


मध्यप्रदेश में जन्मी अलका मसीह ने बताया कि उनको अपनी दादी से काफी प्रेम था, वह स्टाफ नर्स थी। दादी से प्रेरणा लेकर वह जीएनएम करने के बाद वर्ष 1992 में कानपुर आई। पहली नियुक्ति वर्ष 2008 में स्टाफ नर्स के रूप में एटा में हुई। स्थानांतरण के बाद से वह 2009 से उर्सला अस्पताल में कार्यरत है। यहां वह दवा देने के साथ ही इंजेक्शन लगने, बीपी, डाइट और दवा देने के बीच अंतर आदि सब कुछ मॉनीटर करती हैं।


डफरिन अस्पताल के एसएनसीयू में तैनात विजय द्विवेदी ने बताया कि जब वह स्टाफ नर्स बने तो लोग यकीन ही नहीं करते थे कि पुरुष भी नर्स हो सकते हैं। वह अपनी देखभाल में कई कुपोषित बच्चों को स्वास्थ्य लाभ दे चुके हैं। नियुक्ति के बाद से यही प्रयास रहा कि नवजात का जीवन और स्वास्थ्य, वृद्धि व विकास बेहतर ढंग हो। कम वजन वाले बच्चों की माताओं को वह कंगारू मदर केयर और चर्म स्पर्श के महत्व भी बताते हैं।

# ट्रक मालिक को लहूलुहान कर लूटने वाले चार शातिर गिरफ्तार

## छह मई को गाड़ी की मरम्मत कराने आया था युवक, 15 हजार रुपये लूट लिए थे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को बाबूपुरवा पुलिस ने ट्रक की मरम्मत कराने आए वाहन स्वामी के साथ लूट करने वाले चार आरोपियों को बाबाकुटी चौराहे के पास गिरफ्तार किया। बीते छह मई को मैनपुरी निवासी वाहन स्वामी गाड़ी की मरम्मत के लिए बाबूपुरवा स्थित वर्कशाप आया था। जहां चारो आरोपियों ने उसको लहुलूहान कर जेब में रखे 15 हजार रुपये छीन लिए थे। बाबूपुरवा पुलिस ने चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

मैनपुरी निवासी मंशाराम गुप्ता ने बताया कि बीते छह मई को वह अपने ट्रक की बॉडी की मरम्मत के लिए भोगावं निवासी क्लीन अहिलकार सिंह के साथ बाबूपुरवा स्थित वर्कशॉप आए थे। रात में वह ट्रक के केबिन में सो रहे थे, जबकि क्लीनर ट्रक के पिछले हिस्से में सोता था। बताया कि रात करीब तीन बजे तीन से चार अज्ञात युवक आए और गांजे की मांग की। मना करने पर आरोपियों ने ट्रक से उतार कर मारपीट शुरू कर दी, जिससे उनकी बांयी आंख, सिर व सीने में गंभीर रूप से चोट आई। इसके बाद आरोपी उनकी जेब से 15 हजार रुपये छीन कर दोबारा मारपीट की। उनके बेहोश होने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

अगले दिन सुबह करीब सात बजे सोकर उठे क्लीनर ने उन्हें गोविंद नगर स्थित रीजेंसी अस्पताल में भर्ती करा परिजनों व पुलिस को सूचना दी। बाबूपुरवा पुलिस ने शुक्रवार को चार अज्ञात के खिलाफ डकैती की धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी, शनिवार को पुलिस ने बाबाकुटी चौराहे के पास से चारों आरोपियों को गिरफ्ता किया।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम बगाही भट्ठा निवासी सनी उर्फ टईयां, शिवम उर्फ जुगाड़, किदवई नगर निवासी सचिन प्रजापति व नयापुरवा निवासी अमित उर्फ मीठा बताया। थाना प्रभारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के पास से लूट के चार हजार रुपये व पर्स में रखे एटीम-क्रेडिट कार्ड समेत अन्य कागजात बरामद किए।

# झांसा देकर पार किया जेवर नकदी, किन्नर पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर क्षेत्र का मामला
- मुसीबत का झांसा देकर पूजा के नाम पर की टप्पेबाजी

**अमृत विचार।** परिवार पर आई मुसीबत टालने का झांसा देकर एक किन्नर लाखों के जेवर और रुपये लेकर भाग निकला। पीड़ित परिवार ने थाने में किन्नर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

आईआईटी सोसाइटी कल्याणपुर निवासी मोनिका सिंह ने किन्नर कनिक्रा के खिलाफ धोखाधड़ी और गाली-गलौज की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोनिका ने अपनी तहरीर में बताया कि दो मई की दोपहर को किन्नर उनके घर आया और मंदिर निर्माण में सहयोग मांगा। इस दौरान किन्नर ने उससे कहा कि तुम्हारे परिवार में मुसीबत आने वाली है। अगर उसे टालना चाहती हो तो कुछ विशेष उपाय करने होंगे। जिस पर वह डर गई और किन्नर से उपाय पूछा तो उसने कहा कि स्टील के डिब्बे में सात जेवर जिसमें मंगलसूत्र, कान के छाले, चार अंगूठी, एक चेन और 51 हजार रुपये डालकर ले आओ। वह डिब्बे में रुपये और जेवर डालकर लाई तो किन्नर ने कुछ देर पूजा करने का बहाना किया और इस बीच उसे कई बार कुछ न कुछ मंगाने के लिए भेजती रही। इसके बाद उसने उसे डिब्बा दे दिया और कहा कि इसे अलमारी में रख देना। दूसरे दिन आकर उसे खुलवाने की बात कही। इसके बाद किन्नर चल गया। दूसरे दिन जब वह नहीं आई तो उसने फोन किया जिस पर वह जान से मारने की धमकी देने लगा। शक होने पर उसने डिब्बा खोला उसके अंदर रेत और कपड़े भरे थे, जबकि जेवर व रुपये गायब थे।

# रबड़ बुलेट का झोला पटक देने से हुआ था धमाका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेस्टन रोड में धमाके की पुलिस ने पूरी की जांच
- कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली सिर्फ एक हादसा था

**अमृत विचार।** शुक्रवार देर शाम कोतवाली थानाक्षेत्र में मेस्टन रोड स्थित बीच वाला मंदिर के पास एयर गन हाउस में हुए धमाके का खुलासा डीसीपी पूर्वी ने कर दिया है। डीसीपी ने बताया कि कर्मचारी ने रबड़ बुलेट्स से भरा एक झोला पटका था। उसके ऊपर लगी मिलट के जमीन पर टकराने से तेज धमाका हो गया था। डीसीपी ने कहा कि इसकी पुष्टि के लिए एक बुलेट सिपाही के जरिए सड़क पर फेंकवा कर टेस्टिंग कराई गई।

मेस्टन रोड स्थित यूनाइटेड ट्रेडिंग कॉरपोरेशन में तेज धमाका हुआ था। जिसमें दुकान मालिक स्वरूप नगर निवासी पलाश कुमार डे और उनका कर्मचारी सिरकी मोहाल निवासी हरीओम घायल हो गए थे। डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच कराई। उन्होंने बताया कि जांच पूरी कर ली गई है। वहां पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि एयरगन में जो रबड़ बुलेट लगती है, उसके ऊपर मिलट लगा रहता है, जो हल्का बारूद होता है। फायर करने पर उसी मिलेट के जरिए पटाखे जितना धमाका होता है। डीसीपी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा जांचने पर पता चला कि कर्मचारी ने दुकान बंद करते समय एक बड़े झोले में भरी बुलेट्स को पटक दिया था, जिससे तेज धमाका हुआ। इससे दुकान में कोई नुकसान नहीं हुआ, सिर्फ शीशे टूट गए थे। उन्होंने बताया कि एक सिपाही से रबड़ बुलेट जमीन पर फिकवाकर टेस्टिंग भी कराई गई। बुलेट जमीन पर गिरते ही फट गई। इसका वीडियो डीसीपी ने बनवा लिया। अधिकारी ने कहा कि एयरगन में हुई घटना केवल एक हादसा था।

## बजरिया के कब्रिस्तान की झाड़ियों में लगी आग

**कानपुर।** बजरिया थानाक्षेत्र में शनिवार देर शाम कब्रिस्तान में उगी झाड़ियों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। इस दौरान वहां पर अगल-बगल रहने वाले लोगों के घरों में धुआं उठा तो जानकारी हुई। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने खिड़की से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग बढ़ने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कर्नलगंज फायर स्टेशन से पहुंची दमकल ने आग बुझाई।

## सार-संक्षेप

### महिला ने लगाया दुष्कर्म का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**घाटमपुर।** घाटमपुर में महिला को घर में अकेला देखकर गांव के रहने वाले युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। महिला का आरोप है कि युवक ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पति के आने पर महिला ने चौकी और थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पति के साथ घाटमपुर थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह तीन दिन पहले घर पर वह अकेली थी। इस दौरान गांव का रहने वाला एक युवक मौका पाकर घर में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक ने महिला को शिकायत करने पर उसके पति को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। महिला ने बताया की उसका पति ट्रक चलाता है। जिसके बाद पति के घर लौटने पर पत्नी ने अपने साथ हुई आपबीती पति को बताई। जिस पर पति-पत्नी ने शनिवार शाम घाटमपुर थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की है। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

### विवाहिता ने फंदा लगाकर जान दी, हत्या का आरोप

**बिधनू।** लुधौरी गांव के माहुटडेरा में शनिवार देरशाम 22 वर्षीय विवाहिता ने गले मे फंदा डालकर जान दे दी। महाराजपुर के जोधेपुर निवासी समी की 22 वर्षीय बेटी रिजवाना की शादी सन 2020 में लुधौरी के माहुट डेरा निवासी विमलेश के बेटे आंशू से हुई थी। जिनके एक दो वर्ष का बेटा आसिफ और तीन माह की बेटी है। पति द्वारा शराब पीकर मारपीट करने के चलते करीब एक महीने पहले रिजवाना मायके चली गयी थी। 15 दिन पहले ही वापस ससुराल आई थी। शनिवार सुबह रिजवाना ने पिता समी और चचेरे भाई अल्ताफ को पति आंशू द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की बात फोन पर बताई थी। बाजपुर डेरा की रहने वाली रिजवाना की बुआ सलमा ने मायके पक्ष को घटना की जानकारी दी। मौके पर मायके पक्ष के लोग पहुचे तो रिजवाना का शव चारपाई पर पड़ा था। पति आशू दोनो बच्चों को लेकर ससुर विमलेश के साथ मौके से फरार हो गया। मायके पक्ष ने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

### केट काटकर मनाई वैवाहिक वर्षगांठ


केक काटते रमेश व उनकी पत्नी।

**कानपुर।** सर्वोदय नगर सेंटर के वितरक रमेश चंद्र निषाद ने विवाह की 25 वीं वर्षगांठ पर पत्नी ममता के साथ केक काटा। समाचार पत्र विक्रेताओं ने उन्हें सफल वैवाहिक जीवन के लिए बधाई दी। रमेश निषाद ने कहा कि 25 वर्ष कैसे बीत गए पता ही नहीं चला।

### आग से झोपड़ी जलकर हुई राख

**सरसौल।** सरसौल ब्लॉक के डोमनपुर गांव में शनिवार दोपहर रामनारायण निषाद की झोपड़ी में आग लग गई जिससे उसमे रखा सामान, भूसा और पुआल जलकर राख हो गए। दमकल की गाड़ियों ने बाद में आग को काबू कर लिया लेकिन तब तक गृहस्थी राख हो चुकी थी। मौके पर पुलिस के अलावा राजस्व की टीम ने पहुंच कर आर्थिक नुकसान का जायजा लिया और आग के कारणों की जांच पड़ताल की।

### हाईटेंशन की चपेट में आकर मोर की मौत

**सरसौल।** नरवल कस्बे में भास्करानंद महाविद्यालय के पास राष्ट्रीय पक्षी मोर मृत पाया गया। ग्रामीणों ने मोर के मरने की सूचना वन विभाग और पुलिस को दी। आरोप है कि वन विभाग के जिम्मेदारों ने बिना पोस्टमार्टम करवाए ही करंट से मौत की बात करते हुए राष्ट्रीय पक्षी का शव जमीन के दफन करवा दिया ।

### खड़े डंपर से टकराई बाइक, एयरफोर्स कर्मी की मौत

**बिठूर।** बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंधना कोठी के निकट हाईवे पर खड़े डंपर में बाइक टकरा गई। बाइक पर सवार युवक व युवती गंभीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112पर तत्काल सूचना दी गई लेकिन पुलिस पौने घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने घायलों कों उपचार के लिए मंधना स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने युवक की शिनाख्त कराई तो गिरिराज पुत्र हरिराम निवासी ग्राम मोरुण्ड जिला महेंद्रगढ़ के रूप में पहचान हुई। वह चकेरी एयरफोर्स स्टेशन में कारपोरल के पद पर तैनात था। बाइक पर पीछे बैठी युवती संजीव नगर चकेरी निवासी गीतांजलि को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक के शव कों पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


गिरिराज।

### जीटी रोड पर टैक्टर से बाईक भिड़ी, दो घायल

**बिल्हौर।** अरौल थाना अंतर्गत जीटी रोड जीपीआरडी महाविद्यालय के सामने ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल में जबरदस्त भिडंत में मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल साबिर (54) निवासी मखादम्नगर, मीठापुर, बुलंदशहर व हसन (50) मीठापुर बुलंदशहर मोटरसाइकिल से आ रहे थे। जीपीआरडी विद्यालय के सामने ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों मोटरसाइकिल सवार की बाईं तरफ पैर टूट गए हैं। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में पहुंचा कर परिजनों को सूचना दी। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाल ने बताया कि दोनों घायलों को कानपुर रेफर कर दिया गया है वहीं पर ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी है ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल को थाने में खड़ा करा दिया गया है। परिजनों के आने पर प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वोट करने की अपील

**घाटमपुर।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत श्रीशक्ति डिग्री कॉलेज साखाहरि घाटमपुर के एनसीसी कैडेट्स 59 बटालियन और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के छात्र-छात्राओं ने भीतर गांव स्थित प्राचीन मंदिर आदि स्थानों में नुक्कड़ नाटक कर मतदान के महत्त्व के बारे में बताया। लोगों को 13 मई को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कालेज प्रबंधक विनय त्रिवेदी ने कहा कि हम दुनियां के गिने चुने देशों के नागरिकों के समान है जिन्हे मतदान करके अपने जन प्रतिनिधि चुनने और सरकार बनाने का अधिकार प्राप्त है।

# नोट्स देने से खिसियाए युवक ने किया हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कलक्टरगंज थाना क्षेत्र का मामला, एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार।** युवती के नोट्स मांगने पर देने के बाद एक युवक ने इस बात का विरोध किया। आरोपी ने नोट्स देने वाले युवक को बातचीत करने के लिए बताए स्थान पर बुला लिया। जिसके बाद वहां घात लगाए लोगों ने जमकर मारापीट, जिससे वह और उसके दोस्त घायल हो गए। पीड़ित ने आरोपियों पर मामला दर्ज कराया है।

गोला घाट निवासी कार्तिक पाठक ने पुलिस को बताया कि उसने डॉ वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल कैंट में इंटर की परीक्षा आईएससी वोर्ड से पास की है। बताया कि उनके साथ कृति पांडेय जो इंटर की छात्रा रही हैं उसने कॉलेज के कुछ नोट्स मांगे थे। जिसे उसने उसके मोबाइल पर भेज दिया था। बताया कि आठ मई को एक कॉल आई जिसे अपना नाम प्रियांशू सिंह निवासी त्रिवेणी नगर बताया। बताया कि उसने कृति पांडेय को नोट्स क्यों भेजे। इसके बाद बिरहाना रोड आकर मिलने की बात कही।

नौ मई को वह अपने साथियों युवराज सिंह राठौर, आकर्ष सिंह, उत्कर्ष गुप्ता, धनंजय मिश्रा व रत्नाकर गुप्ता के साथ दवा मार्केट बिरहाना रोड स्थित पार्क में पहुंचा तो प्रियांशू सिंह अपने साथियों के साथ पहले से खड़ा मिला। बताया कि प्रियांशु सिंह पार्क के अन्दर बुलाया तो वह लोग चले गए। बताया कि जैसे ही पार्क के अन्दर पहुंचे तो प्रियांशू सिंह और उसके साथ के अन्य आरोपियों ने लोहे की रॉड, ईट व चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

# वोट डालकर फोटो करें पोस्ट, मिलेगा पुरस्कार



छात्र-छात्राओं ने की शत प्रतिशत मतदान की अपील। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को पनकी स्थित कमल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के माध्यम से नव भारत के निर्माण में शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई। साथ ही अभिभावकों से मत का प्रयोग करने की कराने को कहा गया। विद्यालय प्रबंध समिति ने कहा कि जो अभिभावक मतदान करने के बाद उंगली में लगी स्याही के साथ अपनी फोटो विद्यालय के वाट्सएप ग्रुप में पोस्ट करेंगे, प्रबंध समिति की ओर से उनका सम्मान किया जाएगा।

फोटो पोस्ट करने वाले अभिभावकों को लॉटरी के माध्यम से प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कारों से पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस दौरान प्रबंध समिति के अंकित दुबे, प्रधानाचार्या सुरभि दुबे, कोऑर्डिनेटर कल्याण पॉल, अजय रायजादा, सौरिन घोष, सीमा भाटिया, सीमा नंदा मौजूद रहीं।

### खिलाड़ियों ने दिलाई मतदान की शपथ

**कानपुर।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) से आबद्ध जेएनटी स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित होने वाली सिग्मा ग्रीपलॉक ट्रॉफी की चयन प्रक्रिया शनिवार को समाप्त हुई। इसके बाद मैदान पर मौजूद 192 खिलाड़ियों व उनके माता-पिता, संस्था के सदस्यों ने 13 मई को शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली। खुद के साथ दूसरों को भी बूथों पर भेजने का संकल्प लिया। जेएनटी अंडर-12 क्रिकेट लीग के चयन का शनिवार को समापन हुआ। यह मुकाबला 15 मई से खेला जाएगा। 12 टीमों में खिलाड़ियों को स्थान दिया गया है। लॉटरी से टीमों का नामकरण होगा। शनिवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में सीएलआई के चेयरमैन व जेएनटी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के निदेशक अशद कमाल इराकी ने खिलाड़ियों को मुकाबले की शुभकामना दी। इस मौके पर केसीए अध्यक्ष एसनए सिंह, संजय तिवारी, अहमद अली खान, बीपी गुप्ता, अभिषेक तिवारी, अमित मिश्रा, संजय शुक्ला आदि रहे।



खिलाड़ियों ने दिया अधिक वोटिंग करने का संदेश। अमृत विचार

# संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार।** सेन पश्चिमपारा में शनिवार को यूवक का शव कमरे की फर्श पर पड़ा मिला। सूचना पर फोरेंसिक टीम के साथ पहुची पुलिस ने जांच कर मौके से डायरी और कीटनाशक की डिब्बी बरामद की।

मूलरूप से सजेती क्षेत्र के डिबरी गांव निवासी रविराज वर्मा (34) वर्तमान में सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के टीकापुर नई बस्ती सुंदरनगर बिनगवां स्थित घर में फिजियोथेरेपी सेंटर बनाने की तैयारी कर रहे थे। करीब एक महीने पहले पत्नी संध्या झगड़ कर पांच वर्षीय बेटी काव्या के साथ फतेहपुर के चांदपुर मायके चली गयी थी। शनिवार दोपहर नौबस्ता नारायणपुरी निवासी बहनोई नरेंद्र सचान ने उन्हें कई बार फोन मिलाया। फोन रिसीव न होने पर वह घर पहुंच गए। पहली मंजिल के कमरे में जाकर देखा तो फर्श पर रविराज का शव पड़ा हुआ था। नजदीक ही कूलर गिरा पड़ा था। नरेंद्र ने पुलिस और पत्नी संध्या को घटना की जानकारी दी। पड़ोसियों ने भी शुक्रवार सुबह से रविराज को घर से बाहर न निकलने की बात बताई। पुलिस ने फारेंसिक टीम के साथ जांच कर मौके से डस्टबिन में पड़ी कीटनाशक दवा की डिब्बी बरामद की। एक डायरी भी मिली जिसमें पत्नी और ससुरालियों पर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और फर्जी मामले में फसाने की बात लिखी हुई है। कमरे में बिखरे पड़े सामान और तख्त से दूर कूलर के पास पड़े शव को देख परिजन हत्या की आशंका जता रहे है।

### बेटी मैं तुमको बहुत प्यार करता हूं...

पुलिस को मिले सुसाइड नोट में लिखा था कि बेटी काव्या मैं तुमको बहुत प्यार करता हूं, लेकिन तुम्हारी मां मुझसे हमेशा झगड़ा करती है। तुम्हारी मां और मामा बहुत परेशान करते हैं। मुझ पर गलत आरोप लगाकर फंसाना चाहते हैं। मां मेरे हिस्से की जमीन मेरी बेटी के नाम कर देना। सेन थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं।

# ट्रेन से कटकर कर बुजुर्ग की मौत

**घाटमपुर।** पतारा स्टेशन के पास लाइन पार करते समय मालगाड़ी की चपेट आकर बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने परिजनो को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौके पर परिजनो ने जीआरपी पुलिस को बताया कि बुजुर्ग को कम दिखाई सुनाई नहीं देता था।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के कृपालपुर गांव निवासी मोतीलाल (85) वर्ष को दिखाई सुनाई कम देता था। वह सुबह खेत जाने को कहकर घर से निकले थे। थोड़ी देर बाद परिजनो को ट्रेन से बुजुर्ग के कटने की जानकारी मिली। स्टेशन मास्टर की सूचना पर जीआरपी पहुंची।

# नीट की तैयारी कर रहे छात्र की हादसे में मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में नीट की तैयारी कर रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर मामले की जांच की और परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिससे कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि वह दोस्तों के फोन आने पर जल्दी वापस लौटने की बात कहकर घर से निकला था। पुलिस ने छात्र का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

आवास विकास नौबस्ता निवासी पंकज कुमार अवस्थी का 18 वर्षीय पुत्र पृथ्वी अवस्थी काकादेव स्थित कोचिंग मंडी से नीट की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार रात को उसके दोस्तों का फोन आया और वह जल्दी लौटने की बात कहकर निकला था। इसके बाद वह कैसे चकेरी के रामादेवी फ्लाईओवर पर पहुंच गया उन्हें जानकारी नहीं। पुलिस ने बताया कि वह रात में बाइक से हाईवे पर जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

**तैयारी** | जलकल सचिव ने पंप हाउस में ऑटोमाइजेशन जल्द पूरा करने के निर्देश दिए

# स्काडा सिस्टम से कनेक्ट होंगे शहर के 160 नलकूप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शहर में लाइन लॉस का चलेगा पता, आधी-अधूरी तैयारी से चले रहे नलकूप

**अमृत विचार।** पेयजल उत्पादन के दौरान समस्त प्रक्रियाओं में और पाइप लाइनों से होने वाली जल हानि (वाटर लॉस) को रोकने के लिये जलकल की वाटर स्काडा योजना दम तोड़ रही है। नलकूपों के पंप हाउसों में आटोमाइजेशन का कार्य, इलेक्ट्रिक कार्य अधूरा होने की वजह से पानी की बचत नहीं हो पा रही है। गर्मी आने पर अब जलकल को इसकी याद आई है। जिसके चलते जलकल सचिव ने जलनिगम से शहर में संचालित हो रहे 160 नलकूपों पर आटोमाईजेशन का कार्य पूरा करने को कहा है, ताकि पानी की किल्लत को रोका जा सके।



जलकल सचिव प्रमोद कुमार सिंह ने जल निगम के परियोजना प्रबंधक को कहा कि शहर में 160 नलकूपों के पंप हाउस की मरम्मत और आटोमाईजेशन का कार्य 15वें वित्त आयोग से होना है। इसके तहत नये स्टार्टर पैनल, इलेक्ट्रिक पेनल बोर्ड, शलूस वाल्व, इलेक्ट्रिक वायरिंग व क्लोरीन डोजर लगाने के कार्य कराये जाने थे। वर्तमान में 151 नलकूपों पर आंशिक रूप से आटोमाईजेशन का कार्य कराया गया है। जिसमें मात्र 115 नलकूप स्काडा सिस्टम से संचालित हो रहे है।

स्काडा सिस्टम से संचालित से 115 नलकूपों में 38 नलकूप आटोमाईजेशन के माध्यम से संचालित हैं। जबकि 63 नलकूप को मैनुअल ही संचालित करना मजबूरी है। उन्होंने बताया कि 34 नलकूपों को तो पैनल ही खराब है। स्काडा सिस्टम से संचालित नलकूपों में बर्रा-6 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास स्थापित महज एक नलकूप में डोजर सिस्टम लगाया गया है। उन्होंने कहा कि जिन नलकूपों पर आटोमाईजेशन के लिये विद्युत व यांत्रिक उपकरण लगाये गये हैं। वे हमेशा खराब रहते हैं। जिसके स्पेयर पार्टस उपलब्ध नहीं हैं, और न ही मैनपावर उपलब्ध हैं, जिसकी वजह से नलकूपों का संचालन स्काडा सिस्टम से नहीं हो पा रहा है।

### बिना जांच के ही दे दी हरी झंडी

- जलकल सचिव ने कहा कि नलकूपों के आटोमाईजेशन का कार्य पूरा नहीं है। लेकिन विभाग ने कागजों में ही हरी झंडी दे दी। उन्होंने कहा कि इसकी जांच तक अधिकारियों ने नहीं की है। नलकूपों को स्काडा सिस्टम से संचालित करने के लिये उन्होंने दोबारा जांच करने को कहा है। ताकि, गर्मी में पानी की किल्लत को रोका जा सके।

### 32.48 से बना वाटर स्काडा प्लांट

- बेनाझाबर में वाटर स्काडा प्रोजेक्ट पर चल रहा काम लगभग पूरा हो गया है। इसकी शुरुआत भी हुई है। वाटर स्काडा प्लांट का निर्माण 32 .48 करोड़ से किया गया है। लेकिन, नलकूपों पर भी स्काडा सिस्टम शुरू करने के लिये यहां ऑटोमाईजेशन का कार्य होना था। यह कार्य 15वें वित्त से होना था।

# छात्रा का पकड़ लिया हाथ, छुड़ाकर भागी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में स्कूल से घर लौट रही छात्रा को एक युवक ने चाकलेट देकर हाथ पकड़ लिया। इस दौरान वह किसी तरह हाथ छुड़कार जान बचाते हुए भाग निकली और आपबीती मां को बताई। परिजनों ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की है।

सनिगवां निवासी पिता ने बताया कि उनकी 10 वर्षीय बेटी इलाके के एक विद्यालय में कक्षा चार की छात्रा है। शनिवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद पैदल घर लौट रही थी। तभी एक युवक ने बेटी को रोककर चाकलेट देने का लालच दिया। जिसके हाथ में एक रुमाल और शीशी थी। जैसे ही आरोपी ने जबदस्ती बेटी का हाथ पकड़ा। किसी तरह आरोपी से हाथ छुड़ाकर भाग निकली।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


भाजपा प्रत्याशी व अन्य नेताओं के साथ लोगों का अभिवादन करते सीएम। अमृत विचार


मुख्यमंत्री के सभास्थल पर भाजपाइयों द्वारा लाए गए बुल्डोजर। अमृत विचार

# 'रामभक्त' राष्ट्र, 'रामद्रोही' परिवार को समर्पित: योगी

## रामलीला मैदान साकेत धाम में जनता से कहा साक्षी की जीत का चाहते हैं आश्वासन, भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा की

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** रामभक्तों की राजनीति राष्ट्र के लिए समर्पित रहती है जबकि, रामद्रोही परिवार वाद की राजनीति करते हैं। उनके बच्चों के बच्चे होने पर एक दिन ऐसा भी आएगा जब प्रदेश की सभी 80 सीटों पर उनके परिवार के लोग ही उम्मीदवार होंगे। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह के निधन पर संवेदना का एक शब्द न निकाल पाने वालों ने एक माफिया की मौत पर मातमपुर्सी करने में कसर नहीं उठा रखी। जबकि, सपा संस्थापक व पूर्व सीएम के निधन पर मैं खुद शोक जताने गया था।

यह बात शनिवार को सदर विधानसभा अंतर्गत शहर स्थित रामलीला मैदान साकेत धाम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि केवल परिवार के विषय में सोचने वाले सत्ता में आकर माफियाओं को मजबूत करने के साथ देश को कमजोर करते हैं। माफियाओं के मजबूत होने से गरीबों के लिए बनने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं पर डाका पड़ता है और देश की सीमाओं पर अतिक्रमण का दुस्साहस बढ़ता है। अयोध्या व वाराणसी आदि शहरों व सीआरपीएफ शिविर में बम धमाका करने वाले आतंकियों को रिहाई देने की सोच रखने वालों से सावधान रहने की जरूरत है। वह रामभक्तों पर गोली चलवा सकते हैं और भारत में राम मंदिर निर्माण कराने पर सवाल उठा सकते हैं लेकिन, किसी मस्जिद के औचित्य पर सवाल नहीं कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 वर्ष के संघर्ष के बाद श्रीराम लला न सिर्फ अपना जन्मदिन मना सके बल्कि, उन्होंने होली भी खेली और अब दीपावली भी मनाएंगे। क्योंकि रामभक्तों की सरकार ने महोत्सव मनाने की शुरुआत कर रखी है। मथुरा का रंगोत्सव, काशी की देव दीपावली और कावंड यात्रा इसका सजीव परिणाम हैं। उन्होंने दावा किया कि अब कांवड़ यात्रा के दौरान कोई गलत नीयत से सेंधमारी का प्रयास भी नहीं कर सकता है। सन-2017 में केवल सरकार बदलने के साथ प्रदेश में दिखाई देने वाले परिवर्तन के मद्देनजर सरकार गठन के लिए मतदान किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मां चंद्रिकादेवी मंदिर बक्सर को भव्यता देने का काम कराया जा चुका है। इसी तरह राजा रावराम बक्श सिंह, चंद्रिका बक्श सिंह, गुलाब सिंह लोधी, चंद्रशेखर आजाद व सूर्यकांत त्रिपाठी निराला सहित अन्य शहीदों व साहित्यकारों की स्मृति स्थलों को भी उनकी गरिमा के अनुरूप विकसित किया व कराया जा रहा है। लोगों से अपील की कि मतदान के दिन सभी लोग भाजपा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज को लोकसभा में मोदीजी को मजबूत करने के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, लोकसभा संयोजक सौरभ मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, सदर विधायक पंकज गुप्ता, आशुतोष शुक्ल, अनिल सिंह, बंबालाल दिवाकर, श्रीकांत कटियार, ब्रजेश रावत, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, सह संयोजक अरुण सिंह, नगर पालिका उन्नाव की अध्यक्ष स्वेता मिश्रा व उनके प्रतिनिधि भानू मिश्रा आदि मौजूद रहे।


मुख्यमंत्री को सुनने पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता व लोग। अमृत विचार

### सीएम ने ऐसे किया जीत का दावा

- मुख्यमंत्री ने आने सम्बोधन की शुरुआत में कहा कि बीते तीन चरण में चुनाव प्रचार के लिए नौ राज्यों में जाना हुआ। जहां पार्टी के 400 पार के नारे के अनुरूप लोगों में उत्साह दिखा। भाजपा को मिल रहे जन समर्थन को देखते हुए कोई शक नहीं है कि मोदी जी फिर पूर्ण बहुमत वाली सरकार का नेतृत्व करेंगे।

### सांसद ने तीसरी सभा पर जताई कृतज्ञता

- भाजपा प्रत्याशी व सांसद साक्षी महाराज ने सीएम का स्वागत करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने संसदीय क्षेत्र में तीन बार समय दिया। बताया कि इससे पहले बीते सोमवार को मुख्यमंत्री ने भगवंतनगर कस्बा में जनसभा संबोधित की थी। जबकि, अधिसूचना जारी होने से पहले वह फतेहपुर चौरासी में गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा अनावरण करने भी पहुंचे थे।

### टूट गई मीडिया को लगाई गई मेज, कई लोग हुए चुटहिल

- पुरवा विधायक अनिल सिंह के सम्बोधन शुरू करते ही श्रोताओं में कुछ अव्यवस्था हो गई। तभी मीडिया कर्मियों के लिये लगाई गई मेज टूट गई। इसमें कुछ लोग चुटहिल भी हो गए। इसकी जानकारी पर विधायक ने टेंट लगाने वालों को मेज बदलने के लिये कहा। हालांकि अव्यवस्था के चलते ऐसा नहीं किया जा सका।

### सदर विधायक देते रहे पल-पल की खबर

- मुख्यमंत्री योगी का कार्यक्रम सदर विधानसभा क्षेत्र में होने से वहां मौजूद सदर विधायक मंच से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने वालों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते रहे। साथ ही अंतिम समय पर उन्होंने मंच संचालन की जिम्मेदारी संभालते हुए वक्ताओं को संबोधन के लिए आमंत्रित किया। यही नहीं श्रोताओं को सीएम के आने की पल-पल की खबर भी देते रहे।

# थम गया प्रचार, अब मतदान की तैयारी

- सोमवार को जिले भर में 23 लाख 41 हजार 740 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग
- संसदीय क्षेत्र के मतदाता न होने वालों के लिए जिला किया गया प्रतिबंधित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग की आदर्श आचार संहिता के तहत शाम छह बजे से चौथे चरण के लिये 13 मई को होने वाले मतदान से पहले प्रचार अभियान थम गया। इससे पहले प्रेक्षक सामान्य बाबू ए की मौजूदगी में जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) गौरांग राठी ने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता न होने वाले राजनैतिक लोगों के लिए जिला प्रवास प्रतिबंधित कर दिया। बताया कि जिले में 23 लाख 41 हजार 740 मतदाताओं में 12 लाख 44 हजार 745 पुरुष व 10 लाख 96 हजार 903 महिला मतदाता हैं। जबकि अन्य मतदाताओं की संख्या मात्र 92 है।

अधिकारियों ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन कराने के लिए संसदीय क्षेत्र में 2498 मतदान केंद्रों में 173 को क्रिटिकल, 27 वल्नरेबल और 1680 मतदान केंद्रों में 123 क्रिटिकल व 19 वल्नरेबल मतदान चिन्हित किए गए हैं। सकुशल निर्वाचन संपंन कराने के लिए 11,004 मतदान कार्मिकों की सेवाएं प्राप्त की जा रही हैं। जिले के छह-छह बूथों का प्रबंधन महिलाओं व युवाओं को सौपा गया है, जबकि आठ बूथों को माडल घोषित कर रखा गया है। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व निर्भीक मतदान कराने के लिए 250 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 26 जोनल मजिस्ट्रेट व 250 माइक्रोआब्जर्वर को अलग-अलग क्षेत्रों की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके अलावा 54 एफएसटी, 18 एसएसटी व छह वीएसटी टीमों को निगरानी के लिए तैनात किया गया है। चुनाव के दौरान मतदान कार्मिक सहित अन्य जिम्मेदारों को आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने को 837 हल्के वाहन व 732 भारी वाहन इस्तेमाल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता सहायता केंद्र स्थापित रहेंगे, जहां बीएलओ मतदाता सूची सहित उपलब्ध रहकर मतदाताओं की समस्या का समाधान करेंगे। मतदाताओं को मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मतदान दिवस 13 मई को सार्वजनिक अवकाश घोषित है। इसलिए सभी को हरहाल में मतदान करने पहुंचना चाहिए। मतदाताओं को वोटर पर्ची के आधार पर ही मत प्रयोग नहीं करने दिया जाएगा। इसलिए उन्हें मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य विकल्पों में शामिल फोटो युक्त पहचान पत्र लेकर पहुंचना होगा। प्रचार थमने के साथ ही जिले में निषेधाज्ञा प्रभावी है, जिसका कड़ाई से पालन कराया जा रहा है। सभी प्रत्याशी व उनके एजेंट आवागमन के लिए केवल एक-एक वाहन प्रयोग कर सकेंगे।

### ये हैं मतदाता पहचान पत्र के विकल्प

डीईओ ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पहचान पत्र के विकल्प के तौर पर 12 अन्य विकल्प स्वीकृत कर रखे हैं। इसलिए वोटर आईडी न होने पर मतदाता वोट डालने के लिए आधार, पैन, विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र, सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पासपोर्ट, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्ट्रर के आधार पर महारजिस्ट्रार द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, पेंशन दस्तावेज, संसद सदस्यो, विधानसभा व विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र को दिखाकर मतदान किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि मनरेगा जाब कार्ड से उसकी उपस्थित स्थापित हो रही, लेकिन पहचान संबंधी दस्तावेज में दिए गए विवरण व मतदाता सूची में मतदाता के उपलब्ध विवरण में मामूली भिन्नता होने पर संबंधित मतदाता को मतदान से वंचित नहीं किया जाएगा।


अधिक मतदान के लिये प्रेरित करते लोग। अमृत विचार

# मतदाताओं को समझाया मतदान का महत्व

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार को होने वाले चौथे चरण का मतदान में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो, इसके लिये शनिवार को नगर के समाज सेवियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जहां आने जाने वाले लोगों को मतदान करने के लिये जागरूत किया।

13 मई को होने वाले मतदान को देखते हुये शनिवार को नगर के समाजसेवी गंगाघाट कोतवाली के सामने पहुंचे। जहां सभी ने हाथों में तख्तियां लेकर निकले। जहां फोरलेन से आने जाने वाले लोगों को जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि 13 मई की सुबह मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अधिक से अधिक मतदान करे। जिससे मतदान शत प्रतिशत हो सके। इस मौके पर पुत्तीलाल वर्मा, मुन्ना सोनी, दूधनाथ वर्मा, ओमशरण तिवारी, जयपाल साहू, रविशंकर गुप्ता राजेश रावत, गनेश वर्मा, फरीद खान आदि मौजूद रहे।

# प्रेक्षक ने परखी स्ट्रांग रूम की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मतों की गिनती शुरू होने में एक पखवाड़ा से अधिक समय शेष होने के बाद भी निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक (सामान्य) बाबू ए ने दही चौकी औद्योगिक क्षेत्र से लगे एफसीआई के वेयरहाउस पहुंचकर मतगणना की तैयारियों को जायजा लिया। उन्होंने खासतौर से यहां बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को देखा। प्रेक्षक ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान संपंन होने के बाद यहां चुनाव में प्रयुक्त हुई ईवीएम की सुरक्षा में किसी तरह की कमी नहीं रहनी चाहिए।

जानकारों ने बताया कि रविवार को सुबह छह बजे से ही मतदान कार्मिकों को रवाना किए जाने रिहर्सल शुरू होना है, जिससे दिन में 10 बजे के बाद पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान किसी तरह की दिक्कत न पेश आ सके। मतदान पार्टियां के रविवार को देर शाम तक गंतव्य स्थल तक पहुंचना जारी रहने की संभावना है, जिसकी रिपोर्टिंग सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के माध्यम से रात तक हो सकेगी। अगले दिन सोमवार को सुबह सात बजे से ही सभी मतदान केंद्रों पर हरहाल में मतदान शुरू कराया जाना है। मतदान संपंन होते ही पोलिंग पार्टियों में शामिल मतदान कार्मिक जिला मुख्यालय को रवाना होकर मतगणना स्थल पहुंच ईवीएम सहित अन्य सामग्री जमा करने की शुरुआत करेंगे। इसीलिए प्रेक्षक ने शनिवार शाम मतगणना स्थल पहुंचे और अब तक की तैयारियां देखीं। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतगणना से पहले स्ट्रांग रूम तक किसी अवांक्षित व्यक्ति और वस्तु नहीं पहुंचना चाहिए।

मतगणना से पहले सुरक्षा घेरे को अधिक मजबूत बनाया जाएगा, लेकिन इससे पहले भी ईवीएम की पुख्ता सुरक्षा रहनी चाहिए।

### प्रेक्षक ने की एकीकृत नियंत्रण कक्ष की समीक्षा

- लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपंन कराने के लिए सामान्य प्रेक्षक बाबू ए ने जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी व अन्य अधिकारियों के साथ विकास भवन सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने एकीकृत नियंत्रण कक्ष की समीक्षा की। इसके बाद दोस्तीनगर पहुंचकर ईवीएम के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए मतदान कार्मिकों को रवाना किए जाने की तैयारियों की समीक्षा भी की। उन्होंने दोस्ती नगर स्थित अग्निशमन प्रशिक्षण महाविद्यालय में मौजूद कार्मिकों को निर्देशित किया कि सभी समय पालन पर विशेष ध्यान देते हुए दायित्व निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि दोपहर तक सभी पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया जाना चाहिए, जिससे वह समय से मतदान केंद्र पहुंचकर रात तक बूथ संबंधित औपचारिकताओं को पूर्ण कर लें। इससे मतदान दिवस पर सुबह सात बजे से मतदान कराना सुनिश्चित हो सकेगा। साथ ही मतदान कार्मिकों को रवाना किए जाने से पहले ईवीएम को आखरी बार चेक करने की सलाह दिए जाने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मतदान कार्मिकों को थैले में दी जाने वाली सभी सामग्री की जांच भी कर लेनी चाहिए। इस दौरान कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना, प्रभारी एकीकृत नियंत्रण कक्ष, प्रभारी वेब कास्टिंग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सिर पर वार के बाद जलाया गया था शव

फॉलोअप

- हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस के हाथ अभी खाली

संवाददाता हसनगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** बाग में झोपड़ी बनाकर रह रहे युवक के सिर पर पीछे से वार कर हत्या करने के बाद शव को झोपड़ी में जलाए जाने की बात सामने आई है। हालांकि पुलिस हत्यारों व इसकी वजह तलाशने में जुटी है और अभी कुछ भी कहने से बच रही है। शनिवार को पोस्टमार्टम में सिर के पिछले भाग में मिली तीन चोटें भी इसी ओर इशारा कर रही हैं।

बता दें कि हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कस्बा न्योतनी के मोहल्ला गांधी नगर निवासी सुशील (40) पुत्र रामपाल मौर्य बीते 10 वर्ष से अपने आम के बाग में फूस की झोपड़ी बनाकर रहता था। शुक्रवार सुबह उसका शव झोपड़ी में अधजला पड़ा था। पास में ही काफी मात्रा में खून पड़ा था। इससे उसकी हत्या के बाद गुनाह छुपाने के लिए शव झोपड़ी में रख जलाने की आशंका जताई गई थी। फील्ड यूनिट व फोरेंसिक टीम के साथ डाग स्क्वाड भी पहुंचा था। खोजी कुत्ता करीब 300 मीटर आगे गया जहां खून के थक्के मिले थे। जिसे फोरेंसिक टीम ने जांच के लिए संकलित किया था। उसका पालतू कुत्ता भी एक कुएं में पड़ा था। मृतक के भाई ओमकुमार की तहरीर पर अज्ञात लोगों पर हत्या करने व साक्ष्य मिटाने सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पीएम रिपोर्ट में सिर के पिछले भाग में तीन चोटें मिली हैं। पुलिस हत्या की वजह व हत्यारों की तलाश कर रही है। लेकिन अभी उसके हाथ खाली है। वहीं चर्चा है कि उसकी हत्या आशनाई में भी की जासकती है। सूत्र बताते हैं कि वह झाड़फूंक का भी काम करता था। हालांकि परिजन इससे इंकार कर रहे हैं।

# हिदायत के बाद भी जांच टीम ने नहीं प्रेषित की रिपोर्ट

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नगर पालिका गंगाघाट में कार्यरत एक बाबू का रुपये लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ था। ईओ ने जांच टीम को एक दिन के भीतर रिपोर्ट प्रेषित करने की हिदायत दी थी, इसके बावजूद जांच टीम ने रिपोर्ट नहीं प्रेषित की।

नगर पालिका गंगाघाट में जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये कार्यरत पालिका के बाबू राम नरेश पाल का पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो वॉयरल हुआ था। जिसमें वह प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रुपये ले रहे थे। जिस पर पालिका के जेई घनश्याम मौर्या, लिपिक महेन्द्र कुमार सिंह, प्रवेश कनौजिया की तीन सदस्यी टीम गठित कर जांच के निर्देश दिये गये थे। शुक्रवार को ईओ ने कार्यवाही करने की बात भी कही, इसके बावजूद टीम ने रिपोर्ट नहीं प्रेषित की। इस बावत ईओ ने बताया कि चुनाव के कारण रिपोर्ट नहीं मिली है। टीम को चुनाव के बाद रिपोर्ट देने को कहा गया है।

लापरवाही

## त्रिभुवन खेड़ा में हाल ही में बनाई गई है सीसी सड़क और परेशान हो रहे राहगीर

# नाला नहीं, 50 लाख से बनी सड़क जलमग्न

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** त्रिभुवन खेड़ा मार्ग पिछले कई सालों से क्षतिग्रस्त पड़ा था। जिस कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। इधर पीडब्ल्यूडी ने क्षतिग्रस्त सड़क पर लाखों की लागत से सीसी सड़क बनाई गई थी लेकिन दोनों ओर नाला नहीं बनवाया गया। जिस कारण बीच सड़क पर जलभराव बना हुआ है। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

हाइवे से त्रिभुवन खेड़ा का मार्ग खस्ताहाल होने के कारण पीडब्ल्यूडी ने लगभग पचास लाख की लागत से पांच सौ मीटर ही टूटी सड़क बनवाने का काम कराया था, कार्य के दौरान ग्रामीणों ने दोनों ओर नाला निर्माण कराने की मांग की थी, इसके बावजूद ठेकेदार ने नाला नहीं बनाया। अब सीसी सड़क बन गई है।

इसके बावजूद सड़क पर जलभराव बना रहता है। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं आस पास रहने वाले लोगों को भी सड़क पार करने के लिये गंदे पानी से होकर आना जाना पड़ रहा है। मार्ग के दोनों ओर दुकानें हैं।

दुकानदारों ने बताया कि पानी भरा होने के कारण ग्राहक भी दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिससे हम लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने मनमाने ढंग से कार्य कराया है। सड़क बनने के बाद भी हम लोगों को जलभराव का दंश झेलना पड़ रहा है।


त्रिभुवन खेड़ा सीसी सड़क पर भरा गंदा पानी। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

"सीसी सड़क के साथ दोनों ओर नाला भी बनाया जाना है, नाला स्टीमेट के अंतर्गत है। मजदूर की कमी होने के कारण नाला नहीं बन सका है। चुनाव के बाद नाला बनवाया जायेगा। जिससे जल निकासी हो सकेगी।

-अभिनेष कुमार
अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी

# ई-रिक्शा पलटने से महिला गंभीर घायल

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिल्हौर मार्ग पर चालक द्वारा मोबाइल से बात करते ही तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलट गया। इसमें एक महिला गंभीर घायल हो गई। पति ने घायल को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सिरधरपुर गैर एहतमाली गांव निवासी कृष्ण कुमार की पत्नी नीलम गुप्ता अपने मृतक पिता जयकिशन को देखने शनिवार दोपहर ई-रिक्शा से बांगरमऊ आ रही थी। रास्ते में बिल्हौर मार्ग पर गांव भुड्डा चौराहे के पास चालक मोबाइल में गाना सुनने लगा। तभी ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें नीलम गंभीर घायल हो गई। सूचना पर पहुंचे पति ने आनन-फानन उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। चालक रिक्शा लेकर भाग गया।

# ट्रांसफार्मर फुंकने से 600 घरों की नौ घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** रविवार दोपहर राजधानी मार्ग सर्वोदय नगर के सामने रखा 630 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया। जिससे छह सौ घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने पर गर्मी में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। देर रात नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसके बाद आपूर्ति चालू हो सकी। वहीं 11 हजार लाइन ब्रेक होने के कारण फीडर तीन और चार की घंटों बिजली गुल रही।

सर्वोदय नगर के सामने राजधानी मार्ग पर रखा 630 केवीए का ट्रांसफार्मर दोपहर 12 बजे अचानक फुंक गया। जिससे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने पर क्षेत्रीय लोगों ने विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे कर्मियों ने मरम्मत करने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद रात लगभग नौ बजे नया ट्रांसफार्मर मंगाया गया। इस दौरान नौ घंटे तक छह सौ घरों की बिजली गुल रही। जिससे गर्मी में लोग व्याकुल हो गये। वहीं दिन करीब साढे ग्यारह बजे एचटी लाइन में फाइबर केबिल छूने के कारण लाइन ब्रेक हो गई। इसके कारण फीडर तीन और चार की बिजली सप्लाई बंद हुई। बिजली न आने से दोनों फीडर बंद रहे। उपभोक्ता बिलबिला उठे। दोपहर करीब दो फाल्ट मिला। जिसके बाद बिजली कर्मियों ने मरम्मत का कार्य पूरा करने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू कराई।


फुंके ट्रांसफार्मर को क्रेन से हटाते बिजली कर्मी। अमृत विचार

# करंट लगने से आरपीएफ के दरोगा की मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

- बैरक में नहाने के बाद तौलिया फैलाते समय लगा करंट


जयचंद शर्मा।

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ की बैरक में नहाने के बाद गीली तौलिया फैलाते समय दरोगा करंट की चपेट में आ गया। वहां मौजूद स्टाफ ने उन्हें पड़ा देख तो जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। इसके बाद वे शव लेकर लखनऊ चले गए।

जौनपुर जिले के बदलापुर गांव निवासी जयचंद शर्मा (48) पुत्र स्व. वंशराज सन-1994 में आरपीएफ में आरक्षी पद में भर्ती हुए थे। इसके बाद वह प्रोन्नति पाकर दरोगा हो गए और बीते दो वर्ष पूर्व कानपुर पुल बायां किनारा (गंगाघाट) रेलवे स्टेशन पर उनकी चौकी इंचार्ज पद पर तैनाती थी। मौजूदा आरपीएफ इंस्पेक्टर हरीश कुमार मीना के छुट्टी पर होने से उनके पास इंस्पेक्टर का चार्ज था। इसलिए वे उन्नाव रेलवे स्टेशन स्थित बैरक में ही रुके थे। शनिवार सुबह वह बैरक में नहाने के बाद गीला तौलिया सुखाने के लिए तार पर फैला रहे थे तभी उसमें दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गए। गिरने की आवाज सुन वहां मौजूद स्टाफ के लोग दौड़े और उन्हें अचेत पड़ा देख जिला अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी में मौजूद डॉक्टर कौशलेंद्र प्रकाश ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही आरपीएफ महकमे में हड़कंप मच गया। वर्तमान में उनका परिवार लखनऊ के आलमबाग में रहता है।

घटना की सूचना दरोगा के परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जौनपुर निवासी बड़े भाई एसपी शर्मा मोर्चरी पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। उनकी मौत की खबर पाकर पूर्व आरपीएफ इंस्पेक्टर श्रीनिवास मिश्रा व केके तिवारी भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। सदर चौकी प्रभारी ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें करंट से मौत होने की पुष्टि हुई।

भाई व अन्य परिजन शव लेकर लखनऊ चले गए। जहां से अंतिम संस्कार के लिए पैतृक गांव ले जायेंगे। उनकी मौत से पत्नी पूनम व हापुड़ के मेडिकल कालेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा इकलौता बेटा शिवम बेहाल रहा।

## पूरा मानदेय न मिलने से आउटसोर्सिंग कर्मियों में रोष

**औरास।** नगर पंचायत औरास में तैनात आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों ने कम मानदेय मिलने पर पंचायत प्रशासन के विरुद्ध रोष जताकर विरोध किया। कर्मियों ने बताया कि वे रोजाना कस्बा के विभिन्न वार्डों में सफाई कार्य करते हैं। इसके बाद भी उन्हें कम मानदेय दिया जाता है।

आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया कि काम न करने वालों को जबकि पूरा मानदेय मिल रहा है। जिससे काम करने वालों में पंचायत अफसरों के विरुद्ध रोष है। कर्मियों ने बताया कि अन्य नगर पंचायतों की अपेक्षा यहां काफी कम मानदेय दिया जा रहा है। आउट सोर्सिंग कर्मियों ने पूरा मानदेय न मिलने पर कार्य बहिष्कार की भी बात कही है। उनका कहना है कि करीब एक दर्जन कर्मचारी ऐसे हैं जो बिना काम किये ही पूरा भुगतान ले रहे हैं।

# चुनाव बहिष्कार की घुड़की रंग लाई

सोहरामऊ संवाददाता, उन्नाव


बंद पड़ा पोल्ट्री फार्म हाउस।



लगाया गया चुनाव बहिष्कार का बोर्ड।

- एसडीएम के नेतृत्व में पहुंची टीम ने पोल्ट्री फार्म हाउस की बिजली कटवाई

**अमृत विचार।** कई वर्षों से दुर्गंध की मार झेल रहे ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार करने की सूचना पर शनिवार को हसनगंज तहसील की पांच सदस्यीय टीम एसडीएम के नेतृत्व में रुदवारा पोल्ट्री फार्म हाउस पहुंची और वहां का विद्युत कनेक्शन काटा। इसके बाद टीम ने संचालक को फार्म हाउस आबादी से दूर संचालित करने के आदेश दिए। साथ ही साथ एसडीएम ने ग्रामीणों की नाराजगी दूर करने का भी प्रयास किया। इसके बाद एसडीएम टीम समेत लौट गए।

बता दें कि तहसील क्षेत्र के रुदवारा गांव में करीब एक माह पूर्व ग्रामीणों ने आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का बोर्ड लगा नाराजगी जताई थी। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में संचालित अमन पोल्ट्री फार्म के वेस्टेज के कारण आसपास के आधा दर्जन गांव में मक्खियों को आंतक है। जिससें दिनरात मक्खियों से उन्हें परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत डीएम से लेकर शासन तक की। लेकिन जांच के अलावा कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आगामी 13 मई को लोकसभा का चुनाव है। चुनावी दौर में ग्रामीणों ने आपदा को अवसर में बदलने की ठानी और लोकसभा चुनाव बहिष्कार का बोर्ड लगा दिया। इस सूचना पर प्रशासन लगातार ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करता रहा लेकिन, ग्रामीण फार्म हाउस बंद होने पर मतदान करने की जिद पर अड़े रहे। इस पर एसडीएम हिमांशु गुप्ता शनिवार को नायब तहसीलदार अमित के साथ रुदवारा गांव पहुंचे। जहां टीम ने फार्म हाउस का विद्युत कनेक्शन काटा और संचालक को डीएम के आदेश का हवाला देते हुए फार्म हाउस को आबादी से दूर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने ग्रामीणों की नाराजगी दूर करने का प्रयास किया। लेकिन, ग्रामीणों का कहना था कि जब तक फार्म हाउस हटेगा नहीं तब तक वे नहीं मानेगें। इस पर ग्रामीणों को आश्वासन देकर टीम लौट गई।

# मामूली विवाद में चाकू से गोदकर श्रमिक की हत्या

## मांस काटने को लेकर हुई कहासुनी, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव


बाबू।

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत बंथर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक स्लाटर हाउस में दो श्रमिकों में मांस काटने को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर एक श्रमिक ने मांस काटने में प्रयुक्त चाकू से दूसरे पर एक के बाद एक ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। इससे श्रमिक लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। साथियों की सूचना पर प्रबंधक व वहीं काम करने वाला भाई पहुंचा और हमलवार को पकड़ लिया। घायल श्रमिक को निजी साधन से कानपुर के रीजेंसी अस्पताल भेजा गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर पुलिस व फोरेंसिक टीम पहुंची और जांच की। पुलिस हत्यारोपी को हिरासत में लेकर थाने लाई। देरशाम दिवंगत के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बहराइच जिले के थाना नानपारा निवासी बेल्डरन टोला निवासी बाबू (35) पुत्र मोहसिन बंथर औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक स्लाटर हाउस में बड़े भाई एजाज के साथ एक साल से काम कर रहा था। उसी स्लाटर हाउस में गोंडा कस्बा निवासी नूर मोहम्मद भी काम करता था। नूर मोहम्मद स्लाटर हाउस में काफी पहले से काम कर रहा था। इससे वह अपने को बाबू से सीनियर मानता था। इसी बात को लेकर दोनों में अरसे खुन्नस थी। शनिवार दोपहर बाबू व नूर मोहम्मद अगल-बगल मांस काट रहे थे। जिसका विरोध करते हुए उसने बाबू से दूर जाकर काम करने की बात कही। इस पर दोनों में कहासुनी हो गई। गुस्साए नूर मोहम्मद ने चाकू से बाबू के पेट में ताबड़तोड़ चार-पांच वार कर दिए। इससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया। तभी साथ काम करने वाले अन्य श्रमिक दौड़े और प्रबंधक मो. शान फारुकी व बड़े भाई एजाज को इसकी जानकारी दी। दोनों मौके पर पहुंचे और हमलावर को पकड़ने के साथ घायल को कानपुर के रीजेंसी भेजा गया। वहां जांच के बाद डाक्टर ने बाबू को मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर एसओ फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और जांच की। पुलिस आरोपी नूर मोहम्मद को आलाकत्ल के साथ पकड़ कर थाने लाई। घटना के बाद से अन्य कर्मियों में दहशत है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि दोनों में काफी समय से विवाद चलता था। शनिवार को भी मांस काटने के दौरान हुए विवाद के बाद हत्या हुई है। मृतक के भाई की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को आलाकत्ल के साथ पकड़ा गया है।

## डिवाइडर से टकरा कर पलटी कार

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत एक्सप्रेस वे पर टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें सवार दंपती समेत एक बच्चे को चोटें आई। पीछे आ रही दूसरी कार से सभी घायल लखनऊ चले गए।

हरदोई ज़िले के रजिस्ट्रेशन नंबर की एक कार लखनऊ जाते समय शनिवार को करीब बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे के किमी संख्या 248 पर एक कार शिवबक्स खेड़ा गांव के पास टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर सेंट्रल जाली तोड़ती दूसरी लेन में जाकर पलट गई।

हादसे में कार सवार दंपती समेत एक बच्चा जख्मी हो गया। घटना की सूचना पर यूपीडा रेस्क्यू टीम राहत बचाव कार्य हेतु पहुंचकर सहायता करती इससे पहले बीच घायल दूसरी कार से लखनऊ चले गए।

प्रत्यक्ष दर्शियो के अनुसार हादसे में घायल दंपती के साथ मौजूद बच्चे को गंभीर चोट आई। लेकिन उनके मौके चले जाने से अधिकृत जानकारी नहीं मिल सकी। वही पुलिस इस तरह की जानकारी से इंकार कर रही है।

# लोडर की टक्कर से आटो रिक्शा चालक की हुईं मौत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- लखनऊ से लौटते समय देर रात हुआ हादसा


छैला सिंह।

**अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत तेज रफ्तार लोडर ने आटो रिक्शा में टक्कर मार दी। इसमें आटो चालक को गंभीर चोटें आ गईं। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। वहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

मौरांवा थानांतर्गत अकोहरी निवासी छैला सिंह (45) पुत्र स्व. राम बहादुर आटो रिक्शा चलाकर परिवार का खर्च उठाता था। बीते शुक्रवार वह रोज की तरह सवारियां लेकर लखनऊ गया था। वहां से देररात वह आटो लेकर घर लौट रहा था। तभी मौरावां थानाक्षेत्र के गुलरिहा मार्ग स्थित मोटेश्वर मंदिर के सामने तेज रफ्तार लोडर ने उसके आटो में टक्कर मार दी। इसमें वह रिक्शे से उछलकर नीचे गिर गया और उसके सिर में गंभीर चोटें आ गईं। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी देररात मौत हो गई। उसके दो बेटे आशु व देव हैं।

### सड़क हादसे में दो घायल

**बांगरमऊ।** नगर के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर शनिवार दोपहर बाद दो बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। इसमें बाइकों पर सवार अनिल पुत्र राम जीवन व योगेश पुत्र दुखहरण निवासी मोहल्ला कस्बा टोला बांगरमऊ गंभीर घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### चोरी की मोटर साइकिलों व तमंचा के साथ तीन गिरफ्तार


पकड़े गए बाइक चोरी के आरोपी।

**उन्नाव।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर जिले में चल रहे अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत आसीवन पुलिस ने तीन लोगों को दो चोरी की बाइकों, तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आसीवन थाना में तैनात दरोगा रामजीत तिवारी ने बताया कि वह हमराहियों के साथ जागेश्वर महादेव मंदिर गांव जारुल्लानगर के पास गश्त पर थे। तभी शहीद आलम पुत्र शाकिर, तौहीद पुत्र रहमत अली व कबीर प्रजापति पुत्र स्व. विनोद निवासीगण गांव व थाना आसीवन को चोरी की दो बाइकों के साथ पकड़ लिया। जामा तलाशी में उनके पास से एक तमंचा, एक कारतूस व एक खोखा भी बरामद हुआ। बताया कि बरामदगी के चलते उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### संतुलन बिगड़ने से छत से गिरी महिला, रेफर

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव दसगवां निवासी नरेश की पत्नी नीलम (34) बीती शुक्रवार देररात बिस्तर बिछाने घर की छत पर गई थी। तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह नीचे गिर गई। गिरने से वह गंभीर घायल हो गई। परिजन रात में ही आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### रैली निकालकर मतदान को किया जागरूक

**औरास।** औरास कस्बा क्षेत्र के स्कालर मिशन एकेडमी स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने को लेकर कस्बे में जागरुकता रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने हाथ में 'पहले मतदान फिर जलपान' स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर लोगों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस दौरान स्कूल के सह सरंक्षक राम जीवन कनौजिया, शिक्षक महेंद्र, संतराम के अलावा शिक्षिकाओं में अल्का, रश्मि व पूजा समेत सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# एफएसटी, आबकारी टीमों ने शराब दुकानों में की चेकिंग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


शराब की दुकान में स्टॉक चेक करते उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

- नगर के प्रमुख मार्गों पर चौराहों पर वाहनों की हुई चेकिंग

**अमृत विचार।** शनिवार को उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट और आबकारी प्रभारी ने नगर की शराब की दुकानों में पहुंचे। दुकानदारों को अधिक मात्रा में शराब न देने के निर्देश दिये। इसके साथ ही दुकानों का स्टॉक भी चेक किया गया। वहीं उड़नदस्ता टीम ने नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर आने जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की। हालांकि चेकिंग के दौरान टीम को अधिक मात्रा में शराब या चुनाव से संबंधित कोई वस्तु नहीं मिली। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार शाम 6 बजे देशी, अंग्रेजी शराब व बीयर के अलावा भांग की दुकानें मतदान होने तक बंद रखने का आदेश हुआ है। जिसे देखते हुये शनिवार शाम चार बजे उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला व अबकारी इंस्पेक्अर अश्वनी पांडेय फोर्स के साथ नगर पहुंचे। जहां उन्होंने आजाद मार्ग व शुक्लागंज स्थित देशी शराब, बियर शॉप, अंग्रेजी वाइन शॉप पहुंचकर स्टॉक देखा। रजिस्टर देखने पर उन्हें स्टॉक ठीक मिला। दुकानदारों को हिदायत देते कहा कि शनिवार शाम से मतदान होने तक शराब की दुकानों को पूरी तरह से बंद रखा जाये, यदि को आदेश का पालन नहीं करेगा तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। वहीं मजिस्ट्रेट ने आजाद मार्ग, मरहला चौराहा, बालूघाट मोड़, बैराज मार्ग, फोरलेन पर आने जाने वाली वाहनों की सघन चेकिंग की। मजिस्ट्रेट ने बताया कि देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानें चेक करने के अलावा नगर के प्रमुख मार्गो पर दो पहिया, चौपहिया वाहनों की भी सघन तलाशी ली गई। जहां मानक के विपरीत नगदी, शराब व चुनाव से संबंधित कोई सामग्री नहीं मिली है।

# डंपर में पीछे से घुसा डंपर, चालक घायल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव


दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त खड़ा डंपर।

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के हाईवे स्थित कल्लूपुरवा गांव के पास नंदी बगीचा के सामने हाइवे पर गिट्टी लदा हुआ एक डंपर जा रहा था इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे डंपर उसमें जा घुसा और दुर्घटना में दोनों डंपर क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में चालक घायल हो गया। उसे इलाज के लिये भर्ती कराया गया।

शनिवार दोपहर करीब ढाई बजे कल्लूपुरवा गांव के सामने हाईवे स्थित कानपुर-लखनऊ लेन पर नंदी बगीचा के सामने एक गिट्टी लदा डंपर उन्नाव जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे कानपुर देहात के पुखरायां निवासी आरिफ डंपर को ओवरटेक करने लगा। जिससे डंपर अनियंत्रित होकर आगे चले रहे डंपर में पीछे से घुस गया। जोरदार टक्कर होने से डंपर क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना देख आसपास के लोग दौड़े और डंपर में फंसे चालक को बाहर निकाला। जिसके बाद जाजमऊ चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल आरिफ को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं हाइवे पर दुर्घटना होने से कुछ देर के लिये जाम की स्थिति बनी रही। क्षतिग्रस्त डंपरों को किनारे कराया गया। जिसके बाद जाम हट सका।

अभियान — केंद्रीय संचार ब्यूरो व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में शिवराज सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

# रैली व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से जगाई मतदाता जागरुकता की अलख

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



बच्चों को दी जाती जानकारी। अमृत विचार


कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केंद्रीय संचार ब्यूरो व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में ऊगू कस्बा स्थित शिवराज सिंह पब्लिक इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत जहां छात्र-छात्राओं की रैली निकाली गई। वहीं गोष्ठी आयोजित कर बुलाए गए जादूगर ने भी जागरूकता बढ़ाने वाली प्रस्तुती दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य अशोक श्रीवास्तव ने चुनाव को लोकतांत्रिक व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण व बड़ा पर्व बताया। इसलिए सभी मतदाताओं को उत्साह के साथ अपने मतदान केंद्र पहुंचकर हरहाल में वोटिंग करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि पियूष पटेल जी ने कहा कि स्वयं मतदाधिकार का प्रयोग कर अन्य लोगों को जागरूक बनाते हुए मताधिकार के लिए प्रेरित करना चाहिए। अच्छे नागरिक का फर्ज पूरा करने के लिए सभी को आसपास के अन्य घरों में दस्तक देते हुए मतदान केंद्र भेजने की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। छात्र-छात्राओं की रैली निकलवाने के बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई। गोष्ठी में अतिथियों सहित स्थानीय लोगों ने भी मतदान का महत्व बताया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिया गया।

### क्रय-विक्रय समिति बनेगा पिंक बूथ

**बांगरमऊ उन्नाव।** हरदोई मार्ग स्थित जिला सहकारी क्रय-विक्रय समिति भवन में स्थापित होने वाले मतदान केंद्र को पिंक बूथ के तौर पर विकसित किया जा रहा है, क्योंकि यहां पुरुषों से अधिक संख्या महिला मतदाताओं की है। यहां महिला मतदाताओं के लिए छाया के इंतजाम सहित कूलर व स्वच्छ शौचालय भी उपलब्ध रहेगा।

### मतदान को तैयार होने लगे बांगरमऊ के 12 मतदान केंद्र

**बांगरमऊ उन्नाव।** तहसील नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम ने नगर के सभी 12 मतदान केंद्रों में नगर स्थित पालिका परिषद भवन, शहीद जसा सिंह स्मारक भवन, सुभाष इंटर कालेज, दुर्गेश्वर विद्या मंदिर, दुर्गेश्वर इंटर कालेज, प्राथमिक विद्यालय नसीमगंज, प्राथमिक विद्यालय मध्य, प्राथमिक विद्यालय प्रेमगंज, प्राथमिक विद्यालय दक्षिण, जिला सहकारी क्रय-विक्रय समिति भवन, सहकारी संघ भवन, साधन सहकारी समिति नेवल व कृषि उत्पादन मंडी समिति सभागार आदि केंद्रों में 37 बूथों की व्यवस्था की गई है। जहां 36963 महिला-पुरुष मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रत्येक बूथ पर 800 से लेकर 1200 तक मतदाता सोमवार को मतदान करेंगे। लोकसभा सदस्य चुनने के लिए सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा।

### युवा मतदान केंद्र है सुभाष इंटर कालेज

नगर के सुभाष इंटर कालेज के बूथ संख्या 212 पर सबसे अधिक 1192 मतदाता मतदाता सूची में अंकित हैं, जिसमें युवा मतदाताओं की संख्या अधिक है। इसीलिए अधिकारियों ने युवा मतदान केंद्र नामकरण किया है। इस मतदान केंद्र पर भीड़ होने की स्थिति में अतिरिक्त मतदान कर्मियों की भी व्यवस्था की गई है।

### नगर पालिका भवन होगा आदर्श बूथ

पालिका भवन में बनने वाले केंद्र को आदर्श मतदान केंद्र का दर्जा दिया गया है, जहां महिलाओं व बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था रहेगी। साथ ही बच्चों के खेलकूद संसाधन सहित आरामदेह कुर्सियां उपलब्ध रहेंगी। मतदान केंद्र का आकर्षण बढ़ाने के लिए यहां फूलों की लड़ियों व गुब्बारों से सजावट भी की जाएगी।


पूर्णिमा के बच्चों ने माताओं के लिये बनाये ग्रीटिंग कार्ड। अमृत विचार

# स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया मदर्स-डे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में मदर्स डे पर रंगारंग हुए। बच्चों ने अपनी माताओं के लिये ग्रिटिंग्स कार्ड बनाये। माताओं की प्रतियोगिता कराई गई। आनंद नगर स्थित शिवम कान्वेंट स्कूल में बच्चों ने अपनी-अपनी माताओं के लिये ग्रिंटिग्स कार्ड बनाये। जिसके बाद सभी बच्चों ने अपनी माताओं को कार्ड दिये। वहीं पोनी रोड स्थित दयानदं सरस्वती इंटर कॉलेज में भी मदर्स डे पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अलावा राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में भी कार्यक्रम हुये। वहीं सहजनी स्थित महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित हुये और माताओं को प्रबंधक मयंक शुक्ला ने सम्मानित किया गया। इसी तरह गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर, गंगा प्रसाद महते इंटर कॉलेज, गंगा नगर शिशु मंदिर, पूर्णिमा इंटर कॉलेज, शिवांश कान्वेंट, संत विवेकानंद स्कूल में भी कार्यक्रम आयोजित हुए।

